तापमान
अधिकतम 30.6 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025






## खबर संक्षेप

### एकादशी आज, गन्नों का सजा बाजार



**बिलासपुर।** शनिवार को धूमधाम से देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाएगा। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी एकादशी कहा जाता है. इस एकादशी को देव प्रबोधिनी एकादशी और देवोत्थान एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। पंचांग के अनुसार, देवउठनी एकादशी की तिथि 1 नवंबर को सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर शुरू होगी और समापन 2 अक्टूबर को सुबह 7 बजकर 31 मिनट पर होगा। एकादशी की तैयारियां आज से ही शुरू हो गई हैं। इस पर्व में गन्ने का मंडप बनाकर तुलसी मैया की पूजा की जाती है। पर्व के पूर्व सड़कों के किनारे बिकने के लिए लगाए गए गन्ने के ढेर नजर आने लगे हैं।

### राज्योत्सव का केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन करेंगे शुभारंभ कल



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन पुलिस परेड मैदान में 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक किया जाएगा। राज्योत्सव के पहले दिन केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, निगम के सभापति विनोद सोनी शामिल होंगे।

### सर्वर की खराबी के चलते लोगों के काम अटके

**बिलासपुर।** परिवहन विभाग में सर्वर की समस्या पिछले कई दिनों से जारी है। ऐसे में ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस, नामातंरण जैसे काम नहीं हो रहे है। सबसे बड़ी परेशानी सर्वर से ओपीटी जनरेट होने को लेकर है, आरटीओ अधिकारी व कर्मचारी इस समस्या से जुझ रहे है लेकिन इसका हल नहीं निकल पा रहा है। लगरा स्थित आरटीओ कार्यालय जाना लोगों को महंगा पड़ रहा है, दरअसल सर्वर और बिजली की समस्या कार्यालय पहुंचने वाले आवेदकों के लिए बाधा बन रही है। शुक्रवार की सुबह से ही सर्वर की समस्या रही, जिसके चलते लर्निंग लाइसेंस, परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस, नामांतरण, फिटनेस, मोबाइल नंबर बदलवाने आए लोगों को घंटों परेशान होना पड़ा। दोपहर बाद सर्वर में सुधार होने लगा है लेकिन तब तक कई लोग वापस जा चुके थे। दोपहर बाद पहुंचने वाले आवेदकों का काम पूरा किया जाता रहा।

### पीएम की सभा में शामिल होंगे शहर के कार्यकर्ता

**बिलासपुर।** रायपुर में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा को लेकर जिला के भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। लगभग दो वर्ष के अंतराल के बाद जिला के कार्यकर्ताओ को प्रधानमंत्री को सीधा सुनने का अवसर मिलने वाला है। जिला अंतर्गत आने वाले 6 विधानसभा के 25 मण्डलों में बैठक कर पर्याप्त मात्रा में वाहनों की व्यवस्था कर भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल के अनुसार बिलासपुर जिला से प्रधानमंत्री की सभा में शामिल होने 154 बसों, 250 छोटी वाहनों ओर रेल मार्ग से लगभग 13 हजार कार्यकर्त्ता सुबह 7 बजे नया रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# हम उन सपनों के न्यायपूर्ण और विकसित छग के निर्माण के लिए समर्पित हैं, जिनके लिए राज्य का गठन हुआ है : चीफ जस्टिस



राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हाईकोर्ट भवन में की गई आकर्षक लाईटिंग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर छग हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने अपने संदेश में कहा कि वे संदेश लिखते हुए गर्व और उत्तरदायित्व की भावना से अभिभूत हैं, क्योंकि छत्तीसगढ़ राज्य अपनी रजत जयंती मना रहा है। यह वर्ष केवल उत्सव का नहीं, बल्कि सार्थक प्रगति, नवाचार और न्याय एवं सेवा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह दिवस हमें न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों की कसौटी पर अपने दायित्वों का मूल्यांकन करने का अवसर देता है। हम उन सपनों के न्यायपूर्ण और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए समर्पित हैं, जिनके लिए इस राज्य का गठन हुआ है। न्यायपालिका की सबसे बड़ी जवाबदेही यह सुनिश्चित करना है कि न्याय की प्रक्रिया सरल और त्वरित हो, पक्षकारों को बेहतर वातावरण में त्वरित, सुलभ एवं निष्पक्ष न्याय प्राप्त हो सके, न्यायालय न्याय और विश्वास का केन्द्र बन सकें। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के द्वारा नवाचार, समावेशिता एवं उत्कृष्टता की भावना के साथ न्यायिक बुनियादी ढाँचे में उल्लेखनीय सुधार, प्रौद्योगिकीकरण के समुचित एकीकरण, विधिक सहायता तंत्र के सुदृढ़ीकरण तथा समयबद्ध एवं कुशल न्यायनिर्णयन के माध्यम से लंबित मामलों में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इसके साथ ही शैक्षणिक सक्रियता, समकालीन कानूनी विषय पर विमर्श, जनहित विषयों पर सार्थक हस्तक्षेपों ने समाज के प्रति संवेदनशीलता को और सशक्त बनाया है। ये प्रयास सभी के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक सरोकारों के समाधान तथा प्रत्येक व्यक्ति के लिए सुविधापूर्ण वातावरण में शीघ्र एवं गुणवत्तायुक्त न्याय सुनिश्चित करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को पुनः पुष्टि करते हैं। मुख्य न्यायाधीश के रूप में वे छत्तीसगढ़ राज्य में उत्कृष्ट न्यायपालिका के निर्माण में योगदान देने वाले सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

## बारिश होते ही आ गई आफत, मेंटनेंस की निकल रही हवा

# रात अंधेरे में बीती, सुबह होते ही फिर बंद हो गई बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरूवार की रात बारिश शुरू होते ही शहर की बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई। कई इलाकों में अंधेरा छा गया, देर रात तक लोग या तो अंधेरे में रहे, या बिजली की आंखमिचौली झेलते रहे, बड़ी मुश्किल से सप्लाई बहाल हुई, परन्तु सुबह होते ही फिर शहर के कई इलाकों में बिजली बंद हो गई। लोग घंटों बिजली का इंतजार कर हलाकान होते रहे। बिजली ठप होने के कारण शहर के अनेक इलाकों में लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंचा।

शहर में बिजली व्यवस्था चौपट हो चुकी है। एक बार बंद हुई बिजली घंटों बाद भी नहीं लौट रही है, जिससे आम लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। बिजली बंद होने का खामियाजा सबसे ज्याद व्यापारियों को उठाना पड़ रहा है। गुरुवार की रात बारिश शुरू होते ही समस्या बढ़ गई। शहर के गौरव पथ, सकरी क्षेत्र सहित कई इलाकों में देर रात तक अंधेरा छाया रहा, कई इलाकों में बिजली का आना जाना चलता रहा। वहीं शुक्रवार की सुबह 7 बजे सूर्या विहार, पाटनवार कालोनी, तिफरा, आर्य कालोनी, मन्नाडोल जैसे क्षेत्रों में बिजली बंद रही, इश्यूलेटर ब्रस्ट होने के कारण सप्लाई बाधित रही, जिसे सुधारने में विभाग को 3 घंटे का समय लग गया, इसके बाद बिजली महज 15 मिनट ही आई लेकिन 10.15 बजे से बंद हुई बिजली 1.30 तक



बहाल हो सकी। करीब 1 घंटे तक सप्लाई नार्मल रही लेकिन 2 बजे के आसपास बंद हुई बिजली सीधे 4.45मिनट को शुरू हो सकी। इस तरह 8 घंटे तक बिजली बंद रही, इस दौरान सुबह का पानी भी लोगों को नहीं मिल सका। यही हाल शहर के अन्य क्षेत्रों का रहा, सरकंडा, अशोक नगर, चांटीडीह क्षेत्र में मेंटनेंस के नाम पर सुबह 10.30 बजे से बिजली बंद रही, इस दौरान दोपहर के 2 बजे तक बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी। साथ ही मसानगंज, करबला रोड, दयालबंद, अज्ञेय नगर, व्यापार विहार में भी सुबह 10 बजे से बिजली कई बार आती व जाती रही है। जिसके चलते व्यापारियों को खासी मुसीबत झेलनी पड़ी है।

### सकरी क्षेत्र में छाया रहा अंधेरा




हाल ही में मेंटनेंस के नाम पर बिजली विभाग ने 4 से 5 घंटे बिजली बंद की थी, और दावा किया था कि बिजली सप्लाई में व्यवधान नहीं आएगा, लेकिन दो दिनों से मौसम खराब होने और तेज हवाओं के झोंके से बिजली सप्लाई की पोल खुल रही है। सकरी व हांफा क्षेत्र में भी गुरूवार रात बिजली बंद रही। नेचर सिटी, सागर होम्स सहित अन्य कालोनियों में देर रात बिजली व्यवस्था सुधरी, परन्तु बिजली का आना जाना चलता रहा। एक फेस बंद होने के कारण कालोनियों में सुबह पानी नहीं पहुंचा।

### इंसुलेटर बर्स्ट हो गया था


तिफरा में सुबह इंसुलेटर बर्स्ट हो गया था, इसके बाद सप्लाई शुरू हो गई, लेकिन बाद में कई जगहों पर जम्पर कटने के कारण लाइन में सुधारने में देरी हुई है।

**- अनुपम सरकार,** ईई विद्युत विभाग

## चक्रवाती हवाएं हुई कमजोर बारिश से गिरा तापमान

चक्रवाती तूफान का असर कम होने लगा है, गुरूवार की शाम से हुई बुंदाबांदी के बाद से मौसम में नमी बनी हुई है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में सामान्य से 4 डिग्री की कमी देखी गई। जिसके बाद न्यूनतम तापमान 23.4 डिग्री दर्ज किया गया है। इस बीच शुक्रवार को कुछ देर के लिए धूप निकली लेकिन आसमान पर अभी भी काले घने बादल छाए हुए हैं।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अब चक्रवाती तूफान का असर धीरे-धीरे कमजोर होने लगा है। इस बीच निम्न दबाव क्षेत्र बना हुआ है। अगले 24 घंटों में जिले में कुछ जगहों पर बारिश होने की प्रबल संभावना बनी हुई है। न्यूनतम तापमान में कमी देखी जा रही है, बिलासपुर में 23.4 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है, वहीं पेंड्रारोड में 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। खास बात यह है कि मौसम के प्रतिकुल होने के बाद इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, थोड़ी की लापरवाही पर लोगों को वायरल चपेट में लेने लगा है। वहीं तूफान और बारिश के अंदेशे को देखते हुए किसानों ने धान की कटाई रोक दी है। जिन किसानों से कटाई शुरू कर दी है उन्हें धान को रखने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। मौसम खराब होने के कारण धान की कटाई में विलंब होना तय है।



- प्रतिकुल मौसम में तबीयत हो रही है खराब।
- धान की कटाई भी पिछड़ने की नौबत।

# मस्तूरी गोलीकांड : आरोपियों से जब्त किए गए 5 और पिस्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी गोलीकांड के आरोपी जनपद उपाध्यक्ष व उसके करीबी की हत्या करने हथियारों का जखीरा लेकर घूम रहे थे। पूछताछ के बाद आरोपियों के पास से 5 नग पिस्टल और बरामद किया है, इसके पहले भी पुलिस ने आरोपियों के पास से पिस्टल के अलावा जिंदा कारतूस बरामद किया था। अधिकारी आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं।

पुलिस रिमांड में लेने के बाद आरोपी मोहतरा निवासी विश्वजीत अनंत, उसके भाई अरमान अनंत, चाहत उफ विक्रमजीत, मोहम्मद मुस्तकीम उर्फ नफीस से पुलिस अधिकारियों की टीम लगातार गोलीकांड के संबंध में पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को पुलिस ने आरोपियों से 5 नग और पिस्टल, जिंदा कारतूस बरामद किया है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। आरोपी जनपद उपाध्यक्ष किरारी निवासी नितेश सिंह एवं उनके करीबी व रिश्तेदारों की हत करने के लिए मौत का जखीरा लेकर घूम रहे थे। इसके पहले भी पुलिस ने आरोपियों के पास से पिस्टल, जिंदा कारतूस सहित अन्य हथियार बरामद किया था। आरोपियों ने नितेश एवं करीबियों पर 14 से 15 राउंड फायरिंग की गई। किन्तु नितेश सिंह के जवाबी फायरिंग से इनकी योजना सफल नहीं हो पाई।

- देर रात तोरवा के गुण्डा बदमाश के घर में पुलिस की दबिश



मस्तूरी गोलीकांड : आरोपियों में 2 नाबालिग शामिल

100 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पुलिस ने 7 आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि में 30 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

### क्षेत्र का सबसे बड़ा मवेशी तस्कर

सूत्रों के अनुसार एक आरोपी मस्तूरी क्षेत्र का सबसे बड़ा मवेशी तस्कर है। तस्करी के मामले में उसका यूपी बिहार आना जाना होता रहता है और वहीं से गोलीकांड को अंजाम देने हथियारों का जखीरा लाने की संभावना जताई जा रही है। खबर है कि उसका मस्तूरी थाने में आना जाना व पुलिसकर्मियों के उसके घर आना जाना आमबात थी। पिछले दो दिन से वह हथियार से लैस होकर नितेश सिंह व उसके करीबी की हत्या करने के लिए आफिस का चक्कर लगा रहा था और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। जबकि घटनास्थल पुलिस थाने से महज 200 मीटर की दूरी पर है।

### तोरवा में पुलिस का छापा

दिन भर आरोपियों से पूछताछ के बाद गोलीकांड का लिंक तोरवा के एक गुण्डा बदमाश से जुड़ गया है। देर रात पुलिस अधिकारियों ने बल के साथ गुण्डा बदमाश के घर में दबिश दी। घर की तलाशी लेने पर वह नहीं मिला। देर रात तक पुलिस फरार बदमाश के रिश्तेदार व करीबियों को हिरासत में लेकर संबंधित ठिकानों में दबिश देने में लगी हुई थी।

# स्टेट बार काउंसिल चुनाव, पहले चरण की गिनती लगभग पूरी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल चुनाव की मतगणना का पहला राउंड लगभग पूरा हो गया है। 15 नवंबर तक अंतिम परिणाम आने की बात कही जा रही है। फिलहाल अब तक की गिनती में सक्ती के कमल किशोर पटले 417 वोटों के साथ सबसे आगे चल रहे हैं। ध्यान रहे कि इस बारे के चुनाव में 25 पदों के लिए 105 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनके बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है।

गौरतलब है कि कि चुनाव के लिए मतदान 30 सितंबर को हुआ था, जिसके बाद 13 अक्टूबर से हाईकोर्ट परिसर में मतगणना शुरू हुई है। पूरे प्रदेश के बैलेट पेपर यही मंगाकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच काउंटिंग हो रही है। ध्यान रहे कि इस बार रिकॉर्ड संख्या में अधिवक्ताओं ने मतदान किया था, जिससे गिनती में अधिक समय लग रहा है। चुनाव अधिकारी के मुताबिक 25 राउंड में काउंटिंग पूरी होगी जिसमें पहले राउंड की गणना पूरी होने वाली है।

- 15 नवंबर तक आएंगे अंतिम परिणाम
- 25 राउंड में होगी मतगणना

### रायगढ़ जिले से सर्वाधिक 67 वोट

छत्तीसगढ़ स्टेट बार काउंसिल चुनाव में अब तक सर्वाधिक वोटों से आगे चलने वाले कमल किशोर पटेल सक्ती जिले के जिला पंचायत उपाध्यक्ष भी हैं। इसके साथ ही वे बिलासपुर हाईकोर्ट में वकालत करते हैं। इस चुनाव में उन्होंने रायगढ़ जिले से सर्वाधिक 67 वोट हासिल किए हैं, जबकि सक्ती से 47 वोट और हाईकोर्ट से 28 वोट प्राप्त किए हैं। इस तरह, इस चुनाव में वे सर्वाधिक प्रथम वरीयता वोट प्राप्त करने वाले टॉप अधिवक्ता उम्मीदवार बने हुए हैं।

### इन उम्मीदवारों को मिले वोट

| | | |
|---|---|---|
| ◆ कमल किशोर पटेल | - | 417 |
| ◆ शैलेंद्र दुबे | - | 366 |
| ◆ शत्रुघन सिंह | - | 362 |
| ◆ भास्कर प्रसाद साहू | - | 355 |
| ◆ बृजेश नाथ पांडे | - | 334 |
| ◆ रविन्द्र कुमार पराशर | - | 313 |
| ◆ नरेन्द्र कुमार सोनी | - | 291 |
| ◆ चंद्र प्रकाश जांगड़े | - | 286 |
| ◆ प्रभाकर सिंह चंदेल | - | 279 |
| ◆ विराट वर्मा | - | 274 |

# एसआईआर में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों के ट्रांसफर पर रोक

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा, फरवरी 2026 तक रोक प्रभावशील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में 1 जनवरी 2026 को अर्हता दिवस मानते हुए निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है।

घोषित तिथि के अनुसार पुनरीक्षण कार्य 28 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होकर 7 फरवरी 2026 तक जारी रहेगा। कलेक्टर द्वारा इस कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति के बगैर ट्रांसफर पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिले में इस कार्य में 224 अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

आयोग द्वारा जारी पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 28 अक्टूबर 2025 को प्रारंभ कर 07 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जावेगा। जनप्रतिनिधि अधिनियम 1950 की धारा 13 सीसी के प्रावधानों के तहत मतदाता सूची की तैयारी, पुनरीक्षण और सुधार के संबंध में नियोजित अधिकारी व कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन रहेंगे।

कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित कार्य में लगाए गये अधिकारियों व कर्मचारियों का उक्त पुनरीक्षण कार्य की अवधि तक भारत निर्वाचन आयोग के बिना अनुमति या सहमति के बिना स्थानांतरण नहीं किए जाने संबंधी आदेश जारी किया गया है।

## अब सिर्फ बी-वन व ऑनलाइन दस्तावेजों के आधार पर हो रही रजिस्ट्री

# ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त, पंद्रह दिनों में 170 रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन की खरीदी-बिक्री के दौरान ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता शासन द्वारा समाप्त कर दी गई है। शासन द्वारा इस संबंध में 16 अक्टूबर को आदेश जारी किए गए थे। 17 अक्टूबर से अब तक पंद्रह दिनों में बिलासपुर में 170 से भी अधिक रजिस्ट्री बगैर ऋण पुस्तिका के की गई है। नई व्यवस्था से पक्षकारों को काफी राहत भी है।

जमीन की बिक्री के लिए पक्षकारों को अब ऋण पुस्तिका प्रस्तुत करने का झंझट नहीं उठाना पड़ रहा है। शासन द्वारा इस संबंध में 16 अक्टूबर को आदेश जारी किया गया था, जिसके परिपालन में बिलासपुर में पंजीयन विभाग द्वारा 17 अक्टूबर से अब तक करीब 170 रजिस्ट्री बगैर ऋण पुस्तिका के की गई है। नई प्रक्रिया से फर्जीवाड़े की संभावना के संबंध में सब रजिस्ट्रार नागेंद्र पटेल ने बताया कि जमीन बेचने वाले पक्षकार के सारे दस्तावेज अपडेटेड स्थिति में ऑनलाईन उपलब्ध रहेंगे।

- 16 अक्टूबर को शासन ने जारी किया था आदेश

इसके अलावा संबंधित को विभाग में स्वयं उपस्थित होकर कैमरे के सामने फोटो भी देनी है। ऐसे में फर्जीवाड़े की कोई गुंजाइश नहीं है। शासन द्वारा जारी आदेश में भी कहा गया है कि चूंकि रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया पेपरलेस करने की तैयारी चल रही है, ऐसे में ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता से पेपरलेस व्यवस्था शत प्रतिशत नहीं हो पाती। शासन के इस निर्णय को पेपरलेस प्रक्रिया की ओर बढ़ाया गया एक और कदम माना जा सकता है।




### बगैर ऋण पुस्तिका के रजिस्ट्री ने चिंता भी बढ़ाई

भुंईयां पोर्टल से खसरा नंबर के आधार पर कोई भी व्यक्ति बी-वन एवं नक्शे की जितनी चाहे कॉपी निकाल सकता है, लेकिन ऋण पुस्तिका उसी व्यक्ति के पास होती है, जो उस संपत्ति का वास्तविक मालिक है। ऐसे में रजिस्ट्री के दौरान ऋण पुस्तिका अनिवार्य होने के कारण जमीन की खरीदी-बिक्री में फर्जीवाड़े की संभावना कम होती थी। इसके विपरीत अब ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त हो जाने के बाद जमीन मालिकों में इस बात की चिंता भी व्याप्त है कि ऑनलाईन दस्तावेजों के आधार पर किसी और के द्वारा उनकी संपत्ति की बिक्री न कर ली जाए।

### ऋण पुस्तिका बनाने में आनाकानी करने लगे थे पटवारी

आटोमेटेड मोड में रजिस्ट्री प्रारंभ होने के बाद से भू-स्वामियों की संपत्ति का तत्काल नामांतरण तो हो जा रहा था, लेकिन ऋण पुस्तिका बनवाने के लिए पटवारियों का चक्कर लगाना ही पड़ रहा था। कई जमीन मालिकों के अनुसार पटवारियों द्वारा उन्हें खीझकर ऋण पुस्तका बनवाने वहीं जाने को बोला जाता था, जहां से उन्हें नामांतरण का पेपर उपलब्ध कराया गया है। इस संबंध में शासन स्तर पर भी शिकायतें पहुंच रही थी। यही कारण है कि सरकार द्वारा जमीन की रजिस्ट्री में ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता को ही सीधे समाप्त कर दिया गया।

### बिना ऋण पुस्तिका होने लगा पंजीयन

शासन द्वारा भूमि के पंजीयन के लिए अब ऋण पुस्तिका की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। नई व्यवस्था के अनुसार ऑनलाईन दस्तावेजों के आधार पर पंजीयन होने लगे हैं।

**- आरके स्वर्णकार,** जिला पंजीयक रजिस्ट्री विभाग बिलासपुर

## बीपीएस में टैलेंड गाला का शुभारंभ



**बिलासपुर।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, बहतराई में ग्लोबल मॉडल यूनाईटेड नेशन्स-2025 ब्रिलिएण्ट चेप्टर-10 की मेजबानी और साथ ही टेलेंठ गाला का आयोजन हुआ। जीएमयूएन- 2025 तीन दिवसीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के 10 विद्यालयों से लगभग 550 प्रतिनिधियों ने शामिल हुए। इन प्रतिभागियों ने कुल 11 कमेटियों में अपना नाम दर्ज कराया।

यह आयोजन विद्यार्थियों को एक चिन्तनशील और संवादात्मक मच प्रदान करता है जिसमें वे अपना अभिमत रखते हैं, वैश्विक परिदृश्य का विश्लेषण करते हैं और एक ज्ञानवर्धक सामूहिक चर्चा में भाग लेते हैं। 31 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक चलने वाला यह आयोजन युवाओं को उनके वाचन कौशल के साथ-साथ समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा। इसमें अजीत शर्मा, बीपीएस चेन ऑफ स्कूल्स के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल सहित प्रबंध मण्डल ब्रिलियंट बहतराई से सुरेन्द्र अग्रवाल उपाध्यक्ष, सचिव सुशील अग्रवाल, निदेशक अंकित अग्रवाल, करिश्मा अग्रवाल, ब्रिलियंट वसुन्धरा, अंबिकापुर से कृष्णानन्द सिंह, शिक्षा सिंह, डॉ. हर्षिता सिंह, प्राचार्य बबली अग्रवाल, प्राचार्य संगीता मिश्रा, उप प्राचार्या नन्दिता चैटर्जी, रेथल प्राचार्य एलेग्जेण्डर और संदीप सेनगुप्ता की उपस्थिति रही। टेलेण्ट गाला में विद्यालय के विद्यार्थियों की ऊर्जावान नृत्य, सुमधुर गीत । और स्कूल-बैंड की शानदार प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया। 'युग नाटिका' का मंचन किया गया। मुख्य अतिथि श्री शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को प्रोत्साहित किया। विद्यालय की निदेशक प्राचार्या डॉ श्रुति गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस आयोजन को सफल बनाने उप-प्राचार्या रोजमेरी। लक्ष्मण, श्रुति देशपाण्डे, नीतू गुरुंग, विवेक शर्मा, आशीष गुप्ता, दिनेश सोनी, स्वाति बाला गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

## एलसीआईटी ने आधुनिक शिक्षा प्लेसमेंट में बनाई पहचान

एजुकेशन प्लस




**बिलासपुर।** आधुनिक शिक्षा और उत्कृष्ट प्लेसमेंट की पहचान बन चुका एलसीआईटी का फार्मेसी विभाग। आज बिलासपुर ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में फार्मेसी छात्रों की पहली पसंद बन गया है। संस्थान ने अपनी समर्पित शिक्षण पद्धति, आधुनिक सुविधाओं और उद्योग केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से फार्मेसी शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। इसके प्रबंध निदेशक ने बताया कि फार्मेसी विभाग का लक्ष्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान, शोध दृष्टिकोण और पेशेवर दक्षता से सशक्त बनाना है। एलसीआईटी में विद्यार्थियों को अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, तथा देश के अग्रडी फार्मास्यूटिकल उद्योग के इंडस्ट्री-कॉलेबोरेशन आधारित प्रोजेक्ट्स के माध्यम से वास्तविक अनुभव प्रदान किया जाता है। 2025-26 शैक्षणिक सत्र में सीजी पीपीएचटी प्रवेश प्रक्रिया ने विभाग की लोकप्रियता को और मजबूत किया है। बी. फार्म कोर्स में 33 से 4847 रैंक तक तथा डी. फार्म कोर्स में 535 से 4932 रैंक तक प्रवेश प्राप्त हुए हैं। संस्थान ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में 70% छात्रों का चयन फार्मास्यूटिकल कंपनियों में हुआ है। यह उपलब्धि विभाग की गुणवत्ता और छात्रों की उत्कृष्ट तैयारी का परिणाम है।

एलसीआईटी अपने विद्यार्थियों को केवल अकादमिक उत्कृष्टता ही नहीं बल्कि सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास की दिशा में भी तैयार करता है। विद्यार्थियों को इंटरव्यू स्किल्स, करियर ग्रोथ, नेतृत्व क्षमता और टीमवर्क जैसी व्यवहारिक क्षमताओं में प्रशिक्षित किया जाता है, जिससे वे उद्योग की बदलती चुनौतियों के लिए सदैव तैयार रहें। फार्मेसी क्षेत्र में निरंतर उपलब्धियों के साथ एलसीआईटी आज बिलासपुर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में एक विश्वसनीय और प्रेरणादायक शैक्षणिक ब्रांड के रूप में स्थापित हो चुका है।

## कालीदास जयंती पर दी रंगारंग प्रस्तुति



**बिलासपुर।** शासकीय विलास कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा आज कालिदास जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं छात्राओं के सुमधुर सरस्वती वंदना द्वारा हुआ। स्वागत भाषण संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ. सीमा पांडेय द्वारा दिया गया। जिसमें उन्होंने कालिदास जयंती की सार्थकता एवं महाकवि कालिदास की रचनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कालिदास का एक शिक्षक, मनोचिकित्सक, मार्गदर्शक, पर्यावरणविद् और संवेदनशील लेखक के रूप में वर्णन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. एस आर कमलेश ने कालिदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी समसामयिकता को रेखांकित किया। छात्राओं को कालिदास के विविध पात्रों से सीख लेने को कहा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री श्रेयांश बुधिया ने संस्कृत भाषा, कालिदास एवं पर्यावरण को जोड़कर परस्पर उनका संबंध स्थापित किया। उन्होंने कहा कि कालिदास ने अपने विभिन्न रचनाओं ऋतुसंहार, मेघदूतम्, रघुवंशम्-इत्यादि में अपने प्रकृति प्रेम को पशु - पक्षियों, पेड़ - पौधों, मेघ - पर्वत, नदी इत्यादि के मानवीकरण द्वारा व्यक्त किया है। पर्यावरण संरक्षण की जागरूकता उनके प्रत्येक काव्य में दृष्टिगोचर होती है। आई. क्यू.ए. सी प्रभारी डॉ किरण ठाकुर ने कालिदास के काव्य में जीवंत प्रकृति चित्रण का वर्णन किया । संगीत विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजकुमार शर्मा ने कालिदास की रचनाओं में अभिव्यक्त मानवीय भावों का सूक्ष्म विश्लेषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री उमा पटेल के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन सुश्री तान्या बृजवासी के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।


1 नवंबर 2000 - 1 नवंबर 2025




छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवशाली
स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई...



"जय जोहार – जय छत्तीसगढ़"






हर वर्ष 1 नवंबर को पूरे हर्ष और गर्व के साथ छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस मनाया जाता है। यह दिन छत्तीसगढ़वासियों के आत्मसम्मान, संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है। वर्ष 2000 में भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश से अलग कर छत्तीसगढ़ को एक नया राज्य घोषित किया गया था। इसी दिन से छत्तीसगढ़ ने एक नए राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई।

**छत्तीसगढ़ का गौरवशाली इतिहास:-** छत्तीसगढ़ को "धान का कटोरा" कहा जाता है क्योंकि यहाँ की उपजाऊ भूमि और मेहनती किसान बड़ी मात्रा में धान का उत्पादन करते हैं। यह प्रदेश अपनी संस्कृति, परंपराओं, लोककला, नृत्य और संगीत के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। यहाँ के लोकनृत्य जैसे पंथी, सुवा, राऊत नाच, कर्मा नृत्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति को दर्शाते हैं।

**भौगोलिक और सांस्कृतिक विशेषताएँ:-** छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर राज्य है। घने जंगल, झरने, नदियाँ और पहाड़ इस प्रदेश को अनोखी पहचान देते हैं। बस्तर का दशहरा, सिरपुर के ऐतिहासिक अवशेष, रतनपुर और डोंगरगढ़ के धार्मिक स्थल यहाँ की सांस्कृतिक धरोहर हैं।

**विकास की दिशा में अग्रसर:-** राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। बिजली उत्पादन, इस्पात उद्योग, और ग्रामीण विकास योजनाओं के कारण यह राज्य देश के सबसे तेजी से विकसित होने वाले राज्यों में शामिल हो चुका है।

**स्थापना दिवस का महत्व:-** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस हमें यह याद दिलाता है कि अपनी संस्कृति और मेहनत से हम एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य का निर्माण कर सकते हैं। इस दिन प्रदेश भर में विविध कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजन और सम्मान समारोह आयोजित किए जाते हैं।





















# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 1 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




कार्यक्रम

## स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में प्रोस्टेट कैन्सर पर व्याख्यान



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में मेडिसिन कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ नेब्रास्का मेडिकल सेंटर ओमाहा यूएसए के बायोकैमिस्ट्री और आणविक जीवविज्ञान विभाग के प्रोफेसर मिंग फोंग लिन ने प्रोस्टेट कैंसर पर विशेष व्याख्यान का संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो यू.के. श्रीवास्तव और मुख्य अतिथि प्रोलिन, विशिष्ट अतिथि डॉ आशीष कुमार बंजारा, एसोसिएट प्रोफेसर की उपस्थिति में मॉ सरस्वती के प्रतिरूप के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रेमलता वर्मा, डॉ राजकुमार सचदेव, डॉ बी के त्रिपाठी, प्रोफेसर एलके गवेल के स्वागत किया गया। मुख्यतिथि प्रोफेसर लिन ने अपने वक्तव्य में प्रोस्टेट कैंसर और इसके जीव विज्ञान पर एक सारगर्भित व्याख्यान दिया।

कार्यशाला

## अच्छी सोच और पर्सनेलिटी एटीट्यूड को जन्म देती है



**बिलासपुर।** नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देशन में शुक्रवार को इनक्यूबेशन सेंटर बिंक्यूब में पर्सनेलिटी,स्टार्टअप और डी प्रिंटर में भविष्य के संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के बीटेक कंप्यूटर साइंस के छात्र एवं छात्राएं अपने मेंटर कुट्टन के साथ उपस्थित हुए ।प्रथम सत्र में ग्रुप कैप्टन वाई श्रीनिवास ने पर्सनेलिटी और स्टार्टअप को विस्तृत रूपरेखा के साथ समझाया और कहा अच्छी सोच और अच्छी पर्सनेलिटी अच्छे एटीट्यूड को जन्म देती है जो स्टार्टअप को सकारात्मक दिशा की और अग्रसर करती है। द्वितीय सत्र में इनक्यूबेशन सेंटर में स्टार्टअप सीईओ विजान विस्तार और क्रोन पब्लिशर के अविरल शर्मा और आकाश राठौर ने छात्रों को स्टार्टअप शुरू कैसे करे, कौन कौन सी सावधानियां अपनानी चाहिए।

आयोजन


## ज्येष्ठ नागरिक संघ की मासिक बैठक एवं दिवाली मिलन



**बिलासपुर।** अनुभव भवन में ज्येष्ठ नागरिक संघ की मासिक सभा के साथ दीपावली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के अतिथि डॉ आर ए शर्मा, एवं डॉ के के साव रहे। बैठक की अध्यक्षता ज्येष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित ने आगामी कार्यक्रमो की जानकारी दी। डॉ आर ए शर्मा ने त्योहारों का महत्व बताते हुए दिनचर्या से संबंधित जानकारी दी। डॉ के के साव ने समय पर भोजन करने की सलाह दी, इस अवसर पर अनुभव मासिक बुलेटिन के संपादक राघवेंद्र धर दीवान सहित अतिथियों ने विमोचन किया। बैठक में नवप्रवेशी सदस्य प्रहलाद दूसेजा, सुरेश सोनी, एवं इस माह जन्म दिन वाले सदस्यों का उपहार देकर सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन सचिव डॉ सत्यभामा अवस्थी एवं सह सचिव बालगोविंद अग्रवाल ने किया।

जागरूकता

## साइबर सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक एवं निबंध प्रतियोगिता




**बिलासपुर।** शासकीय ई राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय में "साइबर सुरक्षा" विषय पर नुक्कड़ नाटक एवं निबंध प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों में डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाने और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के महत्व को समझाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में सरकंडा थाना के एसआई उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न रूपों जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फेक आईडी, सोशल मीडिया हैकिंग और साइबर बुलिंग के बारे में जानकारी दी तथा इनसे बचाव के व्यावहारिक उपाय बताए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओं को डिजिटल जिम्मेदारी निभाने के लिए सजग रहना चाहिए।

# नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव में चारों वेदों का परायण





### हुआ रूद्र व नवग्रह होम माहौल बना आध्यात्ममय

घोंघाबाबा मंदिर परिसर में गुरुवार से चल रहे देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को चारों वेदों का परायण किया गया। रूद्र व नवग्रह होम भी हुआ। इससे पूरा माहौल आध्यात्ममय बना हुआ है।

### श्याम पाठ में उमड़ी भीड़

घोंघाबाबा परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में चल रहे 15 वें श्री श्याम वार्षिकोत्सव में शुक्रवार को दोपहर 1 बजे से प्रभु इच्छा तक पलाश शर्मा ने श्याम पाठ किया। इसमें श्याम भक्तों ने भारी संख्या में भाग लिया। शनिवार 1 नवंबर को राममंदिर तिलकनगर से श्याम मंदिर तक एक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्रीराम मंदिर बलखंडी बाबा कमेटी न्यास बिलासपुर के अध्यक्ष व प्रबंध न्यासी मंगतराय अग्रवाल ने बताया कि राम मंदिर न्यास के अंतर्गत डेढ़ सौ साल पुराना मंदिर का जिर्णोद्धार करा शिव परिवार की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा कराई जा रही है। देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह प्रतिष्ठा महोत्सव के पहले दिन मंडप प्रवेश, चारों वेदों की स्थापना व पूजन किया गया। अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्राकट्य हुआ। यह आयोजन भगवान आशुतोष की कृपा एवं न्यास के संरक्षक गुरुदेव ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से हो रहा है। इसमें पूज्य श्रीचक्र महामेरु पीठाधिपति अनंत श्री विभूषित श्रीश्री सच्चिदानंद तीर्थ महास्वामी महाराज एवं यज्ञ के आचार्य पूज्य पं. वीरेश्वर (धनंजय) दातार का सानिध्य भी प्राप्त है।





### आज होगा रूद्रार्चन

शनिवार 1 नवम्बर को रूद्रार्चन, मूर्तियों का जलाधिवास, रविवार 2 नवंबर प्रतिष्ठांग होम, मूर्तियों का अन्नाधिवास, सोमवार 3 नवंबर को दैनिक पूजन व होम मूर्तियों का घृताधिवास होगा। मंगलवार 4 नवंबर को मूर्तियों की शोभायात्रा निकाली जाएगी। मूर्तियों व शिखर अभिषेक, मूर्तियों का शैय्याधिवास, बुधवार 5 नवंबर को सुबह 11 बजे विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ देवाधिदेव ललितेश्वर महोदव एवं नवग्रह विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। सुबह साढ़े 11 बजे पूर्णाहुति एवं दोपहर 12 बजे प्रसाद वितरण होगा।

## जीवन में सिद्ध अवस्था को प्राप्त करना है तो हमें सिद्धों की आराधना करनी होगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जीवन में सिद्ध अवस्था को प्राप्त करना है तो हमें सिद्धों की आराधना करनी होगी। हमें जानना होगा वे कैसे सिद्ध परमेष्ठी बने हैं, उनका संसार से आवागमन कैसे छूट गया परम पद में पहुंचने के लिए उन्होंने क्या प्रयत्न किया। यह सब चिंतन जिसने कर लिया वह सिद्धत्व दशा को प्राप्त कर सकता है, इसीलिए सिद्धचक्र महामंडल विधान की आराधना की जाती है। यह बातें श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर क्रांतिनगर में सिद्धचक्र महामंडल विधान आराधना के दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुए विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी मनोज भैया ने कहीं।जिसके तहत 8 दिन तक लगातार सिद्धों की आराधना के दौरान 1024 अर्घ्य समर्पण किए जाते हैं। इसी क्रम में विधान के दूसरे दिन 16 अर्घ्य विधानाचार्य भैय्या ने अर्पित करवाए। धार्मिक आयोजन के दौरान सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा की सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे। सर्व प्रथम उन्होंने श्रीजी का अभिषेक किया एवं शांतिधारा की, तदोपरांत पूजन एवं विधान प्रारम्भ हुआ और अर्घ्य चढ़ाए गए। शांति धारा करने का सौभाग्य सुकुमार, सतीश सिंघई, प्रशांत, अभय, ज्ञानचंद, डॉ. पी. सी. वासल, संजय नायक, सतेंद्र जैन, सनत जैन, अजय जैन को प्राप्त हुआ।

### अमर व धरम ने लिया आशीर्वाद

माताजी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बिल्हा विधानसभा के विधायक धरमलाल कौशिक और विधायक अमर अग्रवाल भी सिद्धचक्र महामण्डल विधान में पहुंचे और माताजी ससंघ का आशीर्वाद प्राप्त किया और धर्म सभा का पुण्य लाभ लिया। धरम लाल कौशिक एवं अमर अग्रवाल ने कहा कि सौभाग्य रहा है कि यहाँ के लोगों को जीव दया के मसीहा आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज का लम्बा सानिध्य मिला है, इसके साथ ही की उनकी समाधि छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में होने से यह धरती और भी पावन हो गयी है।

## आंवला नवमी पर वनभोज का आनंद

**बिलासपुर।** आंवला नवमी के पावन पर्व पर अधिवक्ता साथियों व बहनों ने पूजा अर्चना कर वन भोज का आनंद लिया। जंगल मितान परिसर में आंवले के वृक्ष की पूजा अर्चना कर अधिवक्ता साथियों व बहनों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील मिश्रा, नारायण प्रसाद सोनी, मिथलेश पाठक, गोविंद तिवारी पूर्व अध्यक्ष चंद्र शेखर बाजपेयी,मनोज सिंह,मन्नू मिश्रा,राहुल गोस्वामी,रजनीश तिवारी,मीनाक्षी राठौर,कविता आर्या,डॉ रश्मि बाजपेयी साथियों ने आनंद लिया।

## देसी दिवाज़ की महिलाओं ने किया आंवला पूजन



देसी दिवाज़ ग्रुप की व्यवस्थापिकाएं सुनैना नायर और श्वेता पटेल द्वारा बिलासाताल में ग्रुप की महिलाओं ने आंवला नवमी पर पूजन किया। एक दूसरे को सुहाग सामग्री भी बांटी। सभी ने भोजन व प्रसाद ग्रहण कर पकवानों का आनन्द लिया। जिसके बाद विभिन्न प्रकार के खेल कूद का भी लुत्फ़ उठया। ग्रुप में माताओं के साथ आए बच्चों को भी आंवला नवमी का महत्व बताया गया। ग्रुप से रश्मि चौबे, रेखा वर्मा, मधुलिका यादव, लीना नायडू, पिंकी कश्यप, सपना भोसले, कंचन अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, लक्ष्मी, गीतांजलि अग्रवाल, प्रियंका बर्नवाल, भारती रावत, ललिता उपस्थित रहीं।

## ब्राम्हण समाज ने मनाई आँवला नवमी

आँवला नवमी के उपलक्ष्य में रेलवे क्षेत्र ब्राम्हण समाज के विप्र जनों ने राजकिशोर नगर स्थित स्मृति वन में आँवला वृक्ष की पूजा अर्चना कर विश्व शांति की कामना की साथ ही महिलाओं ने एक दूसरे को चूड़ी कुमकुम देकर आत्मीयता का व्यवहार निभाया है। इस दौरान आँवला नवमी पूजा में रेलवे क्षेत्र के सैकड़ो ब्राम्हण परिवार उपस्थित रहे ।




कार्नर न्यूज

## डाक विभाग केवल पत्रवाहक नहीं, आस्था व संस्कृति का संदेशवाहक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



### केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने मां कर्मा के विशेष आवरण का अनावरण किया



जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी 'बिलासापेक्स के भव्य उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तथा सांसद तोखन साहू ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि डाक टिकट केवल कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि यह हमारी सभ्यता, संस्कृति और महान विरासत का प्रतीक है। ये टिकटें हमें हमारे राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास और त्यागमयी परंपरा से जोड़ती हैं।

श्री साहू ने भक्त माता कर्मा जी पर आधारित विशेष आवरण का विमोचन करते हुए कहा कि ह केवल एक डाक आवरण नहीं, बल्कि करुणा, समानता और भक्ति की जीवंत गाथा है। माता कर्मा जी ने उस युग में सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ते हुए मानवता और प्रेम का संदेश दिया। जब भगवान जगन्नाथ ने स्वयं माता कर्मा द्वारा अर्पित खिचड़ी को स्वीकार किया, वह सामाजिक एकता और समानता की विजय थी।"उन्होंने कहा कि डाक विभाग ने इस विशेष आवरण के माध्यम से एक ऐतिहासिक कार्य किया है उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि वे केवल पत्रवाहक नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और समरसता के सच्चे संदेशवाहक हैं। जब यह आवरण देशभर में पहुँचेगा, तो मां कर्मा की भक्ति, मातृशक्ति और गौरव की महक को फैलाएगा।

कार्यक्रम में श्री साहू ने सभी से यह आह्वान किया कि माता कर्मा जी की जीवन गाथा हमें यह सिखाती है कि सबसे बड़ा धर्म प्रेम है। आइए, हम सब मिलकर सामाजिक एकता, समानता और संस्कृति पर गर्व का संकल्प लें और अपने बिलासपुर को पूरे देश के लिए एक प्रेरणा बनाएं। कार्यक्रम में डाक विभाग के दिनेश मिस्त्री, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी रजनेश सिंह, जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, विनीत सिंह,महामंत्री एस. मनहर, फिलाटेलिस्ट अतुल जैन, नरेश अग्रवाल, शिखा अग्रवाल मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एसडीओ वैद्य को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**बिलासपुर।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ अनिल प्रकाश वैद्य शुक्रवार को चालीस वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। सेवाकाल के दौरान उन्होंने रायगढ़, कोरबा, अकलतरा एवं बिलासपुर सहित अन्य स्थानों पर कार्य किया। सेवानिवृत्ति पर सब डिवीजन आफिस में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने श्री वैद्य के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर चीफ इंजीनियर संजय सिंह, परीक्षित चौधरी, एसके शुक्ला, संगीत मानुलकर, राजीव दीक्षित, एसपी सोनवानी, पी के केसरवानी, एसपी चौबे, अरुण भार्गव, हर्ष कबीर एवं नरेन्द्र पिंपलखरे आदि मौजूद थे।

### लायन्स क्लब बिलासपुर गोल्ड ने अनाथ बच्चों के साथ मनाई दिवाली




**बिलासपुर।** लायन्स क्लब बिलासपुर गोल्ड द्वारा दिवाली के अवसर पर अनाथ बच्चों को पटाखे, मिठाई, दीये, तेल-बाती और नए कपड़े दिए गए। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उनकी आँखों की चमक ही सबसे बड़ी दिवाली रही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष प्रियंका जैन और रीता बरसैंया का सहयोग रहा।

### कांग्रेस कमेटी ने मनाया इंदिरा गांधी का शहदत दिवस



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) ने 31 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की शहादत दिवस एवं स्व. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई । शहर अध्यक्ष विजय पांण्डेय ने कहा कि आज दो महान हस्तियों को पुण्य स्मरण करने का अवसर है ,जिन्हें आयरन लेडी और लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है ,आज़ादी की लड़ाई में दोनों ने अहम भूमिका अदा की । कार्यक्रम में पूर्व महापौर रामशरण यादव, संयोजक ज़फ़र अली, विजय पांण्डेय, सीमा घृतेश, स्वर्णा शुक्ला, अन्नपूर्णा ध्रुव, अन्नू पांण्डेय, प्रियंका यादव, उत्तरा सक्सेना, शुभ लक्ष्मी, शेख आज़म, दीपक रायचेलवार, सालोमन सिंह, नरेंद्र टण्डन, पूजा प्रधान, राजेश शर्मा, प्रदीप मांडले, शेख नजीर, राकेश शर्मा,सुभष ठाकुर, सज्जू खान, सावित्री सोनी, प्रशांत पांण्डेय, दीपांशु श्रीवास्तव, गणेश रजक आदि मौजूद थे।

### एसईसीएल मुख्यालय के 6 कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई




**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होने वाले 6 कर्मियों को मुख्य अतिथि, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार एवं विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रम संघ प्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी की उपस्थिति में मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वालों में नवनीत श्रीवास्तव महाप्रबंधक (खनन) मानव संसाधन विभाग, चंद्र कुमार पाठक महाप्रबंधक (सिविल) सिविल विभाग, जयंत कविराज वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) सिविल विभाग, तापस कुमार सरकारकार्यालय अधीक्षक विक्रय विपणन विभाग, संगीता तिवारी कार्यालय अधीक्षक एनईई विभाग, कुमार रॉयचौधरी सुपरवाईजर ईएंडटी विभाग शामिल रहे। प्रबंधन ने सभी के उज्ज्वल भविष्य और सुखद पारिवारिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन सविता निर्मलकर ने किया।

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव दीप प्रज्ज्वलित कर मनाया गया

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वें गौरवशाली वर्ष पूरे होने की खुशी में 25 वर्षो की सफलता के 25 दीप प्रज्ज्वलित किए। सदस्यों ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव वर्ष न केवल हमारी उपलब्धियों का उत्सव है बल्कि एक नवीन और समृद्ध भविष्य की दिशा में दृढ़ संकल्प का प्रतीक भी है। धान का कटोरा छत्तीसगढ़ राज्य एवं इसकी कला, संस्कृति हमारी पहचान है। इस अवसर पर लायंस क्लब की पूर्व रीजन चेयरपर्सन कुसुम गोयल का लायंस एवं समाज में उनके योगदान के लिए उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### द्वारिका प्रसाद शुक्ल उमा विद्यालय में संचालित हो रही आधार एमबीयू कैंप

**बिलासपुर।** प्रो. रामनारायण शुक्ल द्वारा संचालित द्वारिका प्रसाद शुक्ल उच्च माध्यमिक विद्यालय भकुर्रा नवापारा में कार्यालय कलेक्टर शाखा डी. ई.जी.एस. जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के निर्देश पर अपार आईडी हेतु आधार मैंडेटरी बायोमैट्रिक अपडेट कापे शिविर का संचालन हो रहा है। जिसमें डीपी शुक्ला उच्च माध्यमिक विद्यालय भकुर्रा नवापारा के विद्यार्थियों के साथ-साथ आसपास ग्रामीण अंचल के स्कूली विद्यार्थी भी अपनी बायोमैट्रिक अपडेट करा कर एमबीयू कैंप का लाभ ले रहे हैं। इस कैम्प का प्रारंभ 29 अक्टूबर से प्रारंभ है।इस शिविर का निरीक्षण करने के लिए क्षेत्रिक समन्वयक तखतपुर से सीमा त्रिपाठी, नितेश सोनाराजा के साथ उपस्थित हुए। इस शिविर के संचालन प्राचार्य रामजी राजपूत ने किया।

---

**आधार कार्ड व मार्कशीट के नाम में एकरूपता नहीं** | यूनिवर्सिटी ने नाम सुधरवाने 10 नवंबर तक दी मोहलत

# फर्स्ट इयर के पांच हजार फ्रेशर स्टूडेंट्स का नहीं हो पाया इनरोलमेंट

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी अंतर्गत कालेजों में इस साल फर्स्ट इयर, सेमेस्टर में एडमिशन लेने वाले साढ़े सतरह हजार छात्र-छात्राओं में से प्रवेश लिया है। इन फ्रेशर स्टूडेंट्स से आनलाइन इनरोलमेंट फार्म भराया जा रहा है, लेकिन इनमें से लगभग पांच हजार फ्रेशर स्टूडेंटस के बारहवीं क्लास के मार्कशीट एवं आधार कार्ड के नाम में एकरूपता नहीं होने के कारण उनका इनरोलमेंट नहीं हो पाया है। यूनिवर्सिटी ने ऐसे स्टूडेंट्स के एबीसी आईडी पंजीयन में सुधार कराने 10 नवंबर तक की मोहलत दी है।



अटल यूनिवर्सिटी ने शुक्रवार को सभी कालेजों के प्राचार्यो को इस संबंध में निर्देश भी जारी किया है। यूनिवर्सिटी में प्रवेश पंजीयन दौरान कुछ छात्रों के नाम की जानकारी शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड में भिन्न होने के कारण बिना एबीसी आईडी पंजीयन के संबद्ध कालेजों समेत यूनिवर्सिटी के यूटीडी द्वारा छात्रहित में तात्कालिक रूप से प्रवेश दे दिया गया था। लेकिन छात्रों के शैक्षिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड के नाम में एकरूपता होना अनिवार्य है। डिजिलॉकर पोर्टल पर यूनिवर्सिटी में अध्ययन एवं उत्तीर्ण सभी छात्रों की जानकारी दी गई समय सीमा में अनिवार्यत अपलोड किया जाना है। क्योंकि बिना सुधार किए छात्रों की जानकारी डिजीलाकर पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जा सकता एवं ऐसे छात्रों का यूनिवर्सिटी पोर्टल पर नामांकन एवं परीक्षा फार्म सहित अन्य कार्य आनलाइन पोर्टल के माध्यम से नहीं किया जा सकता। इसलिए यूनिवर्सिटी ने कालेजों को 10 नवंबर तक मोहलत देते हुए संस्था स्तर पर छात्रों के नाम में सुधार कार्य कराने कहा है तथा समय सीमा में छात्रों नाम सुधार नहीं कराने पर प्राचार्यों, विभागाध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### क्या है एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट सिस्टम

एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट एबीसी आईडी सिस्टम एक बारह अंकीय अल्फान्यूमेरिक कोड है जो स्टूडेंट्स को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट सिस्टम में अपनी शैक्षणिक प्रोफाइल के लिए एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है। यह एक डिजिटल आईडी है जो स्टूडेंट्स के शैक्षणिक क्रेडिट और प्रमाण पत्रों को संग्रहित व संरक्षित करता है जैसे डिग्री, डिप्लोमा, प्रमाण पत्र और अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों को डिजिटल रूप से संग्रहित और प्रबंधित करने एवं एक्सेस करने में सक्षम बनाता है।

### पहले भी हुई थी समस्या

कालेजों में एडमिशन के पूर्व यूनिवर्सिटी के पोर्टल में आनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रवेश फार्म भरते समय भी इस तरह की समस्या आई थी। बहुत से फ्रेशर छात्र-छात्राओं के बारहवीं की मार्कशीट व आधार कार्ड में उनके नाम में भिन्नता पाई गई थी, किन्तु यूनिवर्सिटी सहित कालेजों द्वारा छात्रहित में तात्कालिक रूप से उन छात्र-छात्राओं को प्रवेश दे दिया गया था। लेकिन अभी तक छात्रों के सही आधार एवं मार्कशीट नाम के अनुसार एबीसी आईडी रजिस्ट्रेशन सुधार नहीं किया गया है। एबीसी आईडी में बिना सुधार हुए ऐसे छात्रों के यूनिवर्सिटी पोर्टल में नामांकन, परीक्षा फार्म आनलाइन माध्यम से नहीं किया जा सकेगा। फर्स्ट सेमेस्टर में एडमिशन के समय फ्रेशर छात्र-छात्राओं को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट एबीसी आईडी भी जनरेट करना था। एबीसी आईडी जनरेट होने के बाद ही कालेजों में एडमिशन दिया जाना था, किन्तु बहुत से स्टूडेंट्स के समक्ष एबीसी आईडी बनाने को लेकर दिक्कत आ रही थी और उनका एबीसी आईडी जनरेट नहीं हो पा रहा था।

### क्रेडिट डाटा रिपोर्ट डिजीलॉकर में नहीं हो पाएगा अपलोड

आधार कार्ड और मार्कशीट के नाम में भिन्नता वाले छात्र-छात्राओं के एबीसी आईडी रजिस्ट्रेशन में अगर सुधार नहीं कराया गया तो उनका क्रेडिट डाटा का रिपोर्ट डिजीलॉकर पर अपलोड नहीं किया जा सकेगा। एबीसी आईडी सिस्टम प्रत्येक छात्र के लिए एक अद्वितीय पहचानकर्ता के रूप में कार्य करता है। इससे उनके शैक्षणिक रिकार्ड को सुरक्षित रूप में ट्रैक किया जा सकता है। एबीसी आईडी छात्र-छात्राओं को डिजीलॉकर से जोड़ता है और नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी एनएडी जैसे अन्य प्लेटाफार्म के साथ मिलकर, शिक्षा के लिए एक एकीकृत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा का हिस्सा है।

---







# कृषि उपज मंडी परिसर में सागौन का पेड़ काटा, भेजा गया डिपो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कृषि उपज मंडी तोरवा क्षेत्र में बिना किसी परमिशन के हरे-भरे सागौन के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। इसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सागौन के ठूंठ को जब्त करने के उपरांत कोटा डिपो भेज वन अधिनियम के तहत मामला कायम कर लिया है। केन्द्र की नई योजना के बाद भी अब तक राजस्व और वन विभाग के क्षेत्र में कोई भी बंटवारा नहीं हो सका है। इस योजना के तहत राजस्व के क्षेत्र में आने वाली जंगल की भूमि को वन विभाग के सुपर्द किया जाना है, जिस पर अब तक केवल काम ही किया जा रहा है। इसकी वजह से अंधाधुंध पेड़ों की कटाई का कार्य थमने का नाम नहीं ले रहा है। नियम के अनुसार किसी भी राजस्व के क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों को काटने से पहले राजस्व की अनुमति लेनी पड़ती है, जिसमें राजस्व के अधिकारी अनुमति के पत्र वन विभाग को भेजते हैं। इस नियम का उल्लंघन शहर में खुलेआम किया जा रहा है। शहर के निगम एरिया में शामिल तोरवा कृषि उपज मंडी के पास सागौन के हरे-भरे पेड़ थे, जिसे कुछ लोगों ने कुल्हाड़ी चलाकर काट डाला है। इसके लिए लोगों ने राजस्व और वन विभाग की अनुमति भी नहीं ली। इसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सागौन को जब्त कर लिया है।

# विजय ने लगाया बेलतरा विधानसभा के चुनाव में वोट चोरी का आरोप

**बिलासपुर।** बेलतरा विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने भाजपा पर बेलतरा विधानसभा चुनाव में वोट चोरी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर मिले धांधली के सबूत जो लोग वर्षो से एक ही जगह निवासरत हैं उनको बाहरी बता दिया गया। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे एसआईआर में पारदर्शिता नहीं बरतने पर विरोध करने की बात भी कही है।



- एसआईआर में पारदर्शिता नहीं बरतने पर किया जाएगा विरोध

इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी ने बताया कि राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी का खुलासा करने के बाद बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची का प्रारंभिक जांच-पड़ताल और भौतिक सत्यापन से खुलासा हुआ है। भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलीभगत कर बड़े पैमाने पर इलेक्टोरल फ्रॉड को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा वोट चोरी की सोची समझी साजिश रची। इसके तहत पहले सुनिश्चित गलत तरीके से क्षेत्र के लोगों की पहचान पत्र एकत्रित की गई। इसके बाद उन्हीं आईडी का उपयोग कर संबंधित बूथों के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए। चुनाव आयोग द्वारा नाम काटने की प्रक्रिया में किसी प्रकार के भौतिक या दस्तावेजी सत्यापन की आवश्यकता नहीं रखी गई थी। श्री केशरवानी ने बताया कि बेलतरा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मतदाता सूची में हेराफेरी कर चुनाव जीता था फिर भी कांग्रेस को 62565 वोट प्राप्त हुए। वोट चोरी का प्रमाण न मिल पाए इसलिए वर्तमान में 2023 की मतदाता सूची ही पूरे प्रदेश की उपलब्ध नहीं करा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में 51 मतदाता ऐसे मिले जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक दर्ज है। इनमें 7 लोगों की मृत्यु हो चुकी है और 7 लोगों की आयु वास्तविक से अधिक अंकित है। 40 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में स्थानांतरित बताया गया है जबकि जमीनी जांच से मालूम पड़ा कि ये सभी व्यक्ति अपने बूथों में स्थाई रूप से निवासरत हैं। 8 ऐसे मतदाता मिले हैं जिनके नाम नाम मतदाता सूची में दो-तीन बूथों में दर्ज है तथा 10 ऐसे मतदाता मिले हैं जिनकी जानकारी अपूर्ण है। श्री केशरवानी ने प्रेसवार्ता में उपस्थित राधेलाल खरे नामक व्यक्ति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची में मृत घोषित कर राधेलाल का नाम डिलीट कर दिया है। श्री केशरवानी ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे एसआईआर में पारदर्शिता नहीं बरती गई तो हर स्तर पर विरोध करेंगे।

### 35 हजार गरीबों के आशियाना बनाने में जिला अव्वल

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत 35 हजार गरीबों के सर्वप्रथम आवास बनाने के लिए प्रदेश में बिलासपुर जिला अव्वल रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजनान्तर्गत जिले में 59 हजार 333 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 35 हजार 4 आवास निर्माण पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तहत कुल स्वीकृत आवासों में से अभी 24 हजार 329 आवास का निर्माण कार्य चल रहा है। बिलासपुर जिला की यह उपलब्धि केवल संख्याओं की नहीं, बल्कि 35 हजार परिवारों के सपनों को साकार करने की कहानी है। वर्तमान में जनपद पंचायत बिल्हा में 9 हजार 484, जनपद पंचायत कोटा में 7 हजार 711, जनपद पंचायत मस्तूरी में 10 हजार 901 एवं जनपद पंचायत तखतपुर में 6 हजार 908 आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2016-23 तक जिले में 59 हजार 123 आवास स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 56 हजार 25 आवास पूर्ण हो चुके है जो कि लक्ष्य का लगभग 95 प्रतिशत है। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने बताया कि आवास निर्माण की प्रक्रिया में संपूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्ध कार्यवाही की जा रही है। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर प्रत्येक पखवाड़ा आवास पूर्णता का लक्ष्य आबंटित कर नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत स्तर पर योजना अंतर्गत प्रशासनिक एवं तकनीकी टीम के संयुक्त प्रयास एवं कार्य के प्रति समर्पण की भावना से आवास निर्माण को गति मिल रही है। नियमित रूप से निगरानी एवं फिल्ड विजिट कर हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा परस्पर समन्वय एवं आवश्यक सहयोग से ही बड़े लक्ष्य की प्राप्ति की गई है। सामग्री एवं राजमित्रियों की उपलब्धता ग्राम पंचायत स्तर पर आवास निर्माण के पूर्ति के लिए रोजगार सहायक एवं आवास मित्रों द्वारा हितग्राहियों को गुणवत्तायुक्त सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है।

# स्तन कैंसर से बचाने अपोलो ने शुरू की अनोखी पहल 'चेक-ओलेट'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपोलो कैंसर सेंटर ने एक अनोखी पहल शुरू की है जो 'चेक-ओलेट' के माध्यम से मिठास के साथ जागरूकता को जोड़ती है, एक मीठा उपहार जो एक और भी मीठी याद दिलाता है खुद के लिए थोड़ा समय। ग्लोबोकेन के अनुसार भारतीय महिलाओं में स्तन कैंसर कैंसर की घटनाओं और मृत्यु दर का प्रमुख कारण बना हुआ है, जो सभी नए कैंसर मामलों का 13.5% और कुल कैंसर मौतों का 10.6% है। इस बढ़ते बोझ के बावजूद, जांच दरें खतरनाक रूप से कम बनी हुई हैं, केवल 30-69 वर्ष की आयु वाली 1.6% महिलाओं ने कभी जांच करवाई है।

**हेल्थ प्लस**

अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. प्रीथा रेड्डी ने कहा अपोलो में हम महिलाओं के स्वास्थ्य को एक राष्ट्रीय प्राथमिकता और साझा जिम्मेदारी के रूप में देखते हैं। अपोलो कैंसर सेंटर और अपोलो अथेना से, हम कैंसर के लक्षणों को आरंभ में ही पता लगाने की जागरूकता के प्रसार पर कार्य कर रहे हैं, समय पर हस्तक्षेप को सपोर्ट कर रहे हैं। 'चेक-ओलेट' पहल इस मिशन में एक और उद्देश्यपूर्ण कदम है।

### डार्क चॉकलेट का प्रभाव

अनुसंधानों से ज्ञात होता है कि डार्क चॉकलेट त्वचा, हृदयवहिका और चयापचय स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है, जिससे यह इंद्रियों के लिए एक उपहार है 'चेक-ओलेट' केवल एक स्तन कैंसर जागरूकता महीने की पहल से कहीं अधिक है। आज के कार्यक्रम में डॉक्टर सुशील परीदा, डॉक्टर सार्थक एवं डॉ अमोल पटगांवकर भी उपस्थित रहे।

### प्रदेश की सबसे बड़ी कैंसर जागरूकता मुहिम : गुप्ता

अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के यूनिट हेड अभय गुप्ता ने बताया कि स्तन कैंसर जागरूकता के लिए अपोलो द्वारा चलाए जा रहा स्वस्थ तन प्रशिक्षण अभियान प्रदेश की सबसे बड़ी कैंसर जागरूकता मुहिम है। इसके अंतर्गत अभी तक कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर, बिलासपुर, अनूपपुर एवं शहडोल जिलों में विशाल कैंसर जागरूकता रैलियां का आयोजन किया जा चुका है। लगातार स्व स्तन परीक्षण के ऊपर सेमिनारों का आयोजन कॉलेजों विश्वविद्यालयों विभिन्न सामाजिक संगठनों रेजिडेंशियल कॉलोनीयों राष्ट्रीयकृत बैंकों शासकीय एवं निजी संस्थानों में किया जा रहा है। इस मुहिम के तहत अब तक लगभग 15000 से अधिक महिलाओं को प्रत्यक्ष रूप से स्व स्तन परीक्षण की ट्रेनिंग प्रदान की जा चुकी है। अपोलो कैंसर सेंटर के डॉ अमित वर्मा ने कहा जब स्तन कैंसर की बात आती है, तो प्रारंभिक पता लगाना न केवल महत्वपूर्ण है, बल्कि जीवन बचाने वाला है। अपोलो कैंसर सेंटर में, हमने प्रत्यक्ष रूप से देखा है कि कैसे समय पर जांच और जागरूकता ने प्रारंभिक चरण में निदान और उपचार के माध्यम से कई महिलाओं की जान बचाने में मदद की है।




### यह नियमित स्तन आत्म-परीक्षा को प्रोत्साहित करता : मेयर

महापौर पूजा विधानी ने कहा हर कोई चॉकलेट पसंद करता है, यह आराम और हमारे मन में थोड़ी सी खुशी लाता है। चेक-ओलेट को वास्तव में विशेष बनाने वाली बात यह है कि यह कुछ ऐसा है जिसे सर्वमान्य रूप से पसंद किया जाता है और इसे महिलाओं के लिए खुद की देखभाल करने के लिए एक माध्यम में बदल देता है। यह नियमित स्तन आत्म-परीक्षा को प्रोत्साहित करता है। महिलाओं को वास्तव में अपने स्वास्थ्य को समझने के लिए सशक्त बनाने का एक रचनात्मक और विचारशील तरीका है।

---

**निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष पहुंचे डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय**

# चरित्र निर्माण से ही समग्र विकास और आत्मनिर्भर बनेंगे विद्यार्थी: प्रो गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास तथा विकसित भारत में आत्मनिर्भर भारत की भूमिका विषय पर चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हो गया।

- चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास तथा विकसित भारत में आत्मनिर्भर भारत की भूमिका पर मंथन

तीन दिनों तक विद्वानों ने पंचकोश- अ न न म य , म नो म य , आनंदमय, विज्ञानमय, प्राणमय कोश तथा चरित्र निर्माण तथा आत्मनिर्भर भारत विषय पर अपने विचार रखें। यह आयोजन डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय एवं शिक्षा एवं संस्कृति उत्थान न्यास के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। समापन पर मुख्य अतिथि निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो विजय गोयल ने कहा कि जहां तक विषय की बात है विषय बहुत ही प्रासंगिक है। हमें विषय से यह बात समझने की जरूरत है कि जिस छात्र का चरित्र निर्माण हो गया उसका हर कार्य हो जाएगा। कुछ करने की आवश्यकता ही नहीं है। चरित्र निर्माण से ही समग्र विकास होता है और वह खुद ही आत्मनिर्भर बन जाएगा । उन्होंने कहा कि चरित्र निर्माण का पहला काम घर से होता है। इसलिए घर का माहौल सबसे अच्छा होना चाहिए । परिवार में सबसे अच्छी शिक्षा दी जानी चाहिए ।



### हम शिक्षक एक विद्यार्थी नहीं एक पीढ़ी का निर्माण करते हैं : कुलपति

कार्यक्रम की अध्यक्ष कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि हम शिक्षक एक विद्यार्थी नहीं एक पीढ़ी का निर्माण करते हैं । इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि विद्यार्थियों के चरित्र का भी निर्माण करें, ताकि हम सीधे तौर पर एक पीढ़ी को संभाल सके। उन्होंने कहा कि हमें संयम को अंगीकार करने की जरूरत है। यदि व्यक्ति के जीवन में संयम हैं तो वह जीवन की सफलता तय करेगा। विशिष्ट अतिथि न्यास के क्षेत्र संयोजक डा प्रफुल्ल शर्मा ने कहा कि भारत की सभ्यता और संस्कृति को दुनिया मनेगी। अभी संघर्ष की स्थिति है, इस संघर्ष में हमें मिलकर संघर्ष करना है । उन्होंने कहा कि भारत का विज्ञान दुनिया का उन्नत विज्ञान है। इस बात को ऋषि मुनियों ने प्रमाणित किया है । आज हम समस्या की चर्चा ना करके समाधान की दिशा में चर्चा करें तो हम भारत को विश्व गुरु बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सबको लक्ष्य के प्रति निष्ठावान होना होगा ।

### विवि में विचार मंथन को लागू किया जाएगा: कुलसचिव

विवि के कुलसचिव अरविंद तिवारी ने कि बताया कि पिछले तीन दिनों तक इस राष्ट्रीय कार्यशाला में कला, संस्कृति, साहित्य, चरित्र, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, सहित अनेक विषयों पर विचार मंथन किया गया है। उन्होंने कहा कि इसे मंथन कर विश्वविद्यालय में लागू किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ ब्रम्हेश श्रीवास्तव ने किया । कार्यक्रम के समन्वयक डॉ अनुपम तिवारी रहे । इस अवसर पर समकुलपति जयति चटर्जी, मनोज शुक्ला, डॉ प्रीति शुक्ला, डॉ रश्मि वर्मा, अर्चना अग्रवाल, डॉक्टर सतीश साहू, अर्पिता केशरवानी, डॉ विकास तिवारी आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### भाव में डुबकी लगाए बिना भगवान को प्राप्त नहीं किया जा सकताः सागरानंद



**मुंगेली।** श्रीवास्तव परिवार सोनकर सेल्स में चल रहे भागवत के पांचवें दिन आचार्य सागरानंद महराज ने कहा कि, जिस प्रकार समुद्र में डुबकी लगाए बिना रत्न नहीं प्राप्त किया जा सकता, उसी प्रकार भाव में डुबकी लगाए बिना भागवत कथा भगवान को प्राप्त नहीं किया जा सकता। ,भक्तों के लिए भगवान का जन्म प्राकट्य और अवतार तीनों ही होता है। जब अब सनातन धर्म पर अत्याचार होता है, धर्म गिरने लगता है और पृथ्वी हमारी भार से दबने लगती है, तो भगवान किसी न किसी रूप में आते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने पूतना, अधासुर, बकासुर, वत्सासुर, तृणावर्त का वध किया। भगवान का अवतार मारने के लिए नहीं, बल्कि तारने के लिए आते हैं।

### हाईस्कूल फंदवानी में निशुल्क सायकल वितरण



**सेतगंगा-मुंगेली।** शासकीय हाई स्कूल फंदवानी में गुरुवार को निशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत पात्र बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम में कुल 32 छात्रओं को साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य तरुण पाटले एवं जनपद सदस्य ताराचंद टंडन थे। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच फूलचंद लहरे, एसएमडीसी अध्यक्ष पवन कुमार साहू, प्राचार्य, सीएसी, सभी शिक्षक-व्याख्याता एवं पालक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि तरुण पाटले ने कहा कि, सरकार की यह योजना ग्रामीण क्षेत्र की छात्रओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इससे बेटियों की शिक्षा में निरंतरता बनी रहेगी और वे आत्मनिर्भर बनेंगी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकों ने किया तथा अंत में प्राचार्य खेलावन दास महिलागें ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

### कोदवाबानी में 53 छात्राओं को प्रदान की गई सायकल




**मुंगेली।** कक्षा नवमीं में अध्ययनरत नवप्रवेशी छात्राओं को निशुल्क सायकल प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष ग्रामीण राजीव श्रीवास मौजूद रहे एवं अध्यक्षता शाला प्रबंध एवं विकास समिति के अध्यक्ष चंद्रहास गोस्वामी ने किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदवाबानी के प्राचार्य कृष्णकुमार नवरंग ने बताया कि, विद्यालय की नियमित 53 बालिकाओं को साइकिल दी गई। मुख्य अतिथि ने बच्चों को अपने पुराने दिन एवं उस समय की कठिनाईयो से अवगत कराते हुए अपने गांव व माता-पिता का सम्मान बढ़ाने अच्छे अंको के साथ उत्तीर्ण होने का आव्हान किया। कार्यक्रम में एसएमडीसी के अध्यक्ष, जनपद सदस्य प्रतिनिधि कन्हैया जायसवाल, सरपंच प्रतिनिधी मंजीत रात्रे, गुलाब राजपूत, गोपाल साहू, रोशन चेलक, सदस्य व विद्यालय से शिक्षकों में रामभजन भास्कर, भूपेंद्र बांधी, प्रमोद कुर्रे, अनिल ठाकुर, विकास सोनी, सत्येंद्र तांडे, विष्णु देवांगन, वीरेंद्र कश्यप, मनोज बंजारा, द्वारिका राजपूत, मंजू सेन, नीलम खरे, शिवबति ध्रुव व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद कुर्रे ने दी।

### महालक्ष्मी उत्सव मे शामिल हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि



**लोरमी।** नव जागृति युवा समिति कोसावाड़ी के तत्वाधान में ग्राम कोसाबाड़ी में महालक्ष्मी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छतीसगढ़ी लोक कला मंच सोनहा माटी गायक भूपेंद्र जायसवाल, मोनिका कौशिक प्रभा साहू गायिका ग्रुप ने रंगारंग कार्यक्रम कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सुशील यादव मौजूद रहे एवं अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य समुन्द विवेक सिन्द्राम ने की। साथ ही अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य दीदी रानी, देवा मार्को एवं सरपंच चन्द्रकली राजकुमार पोर्ते, राजकुमार पोर्ते उपसरपंच, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच लक्ष्मणी संजय मरावी व राजकुमार साहू मौजूद रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील यादव ने हा कि, क्षेत्र के विकास के लिए मैं हर संभव प्रयास करूंगा। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाना मेरा उदेश्य है। जिला पंचायत सदस्य समुन्द सिंन्द्राम ने कार्यक्रम में उपस्थित नारी शक्ति को आगे आने के लिए प्रेरित किए। आयोजक के मांग पर 2 लाख रूपए के नये मंच निर्माण के लिए घोषणा की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन लेखराम नेताम ने किया। इस अवसर पर पंच चिरंजीवी साहू, बेदराम मार्को, सीताबाई ज्ञान सिंह मार्को, हेमबाई मोहन ध्रुव,शान्ति पन्द्राम, जयराम साहू, बाबूराम साहू, समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर हुए कई आयोजन

# राष्ट्रीय एकता, अखंडता की ली गई शपथ

### डीईओ ने दिलाई राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा की शपथ



**मुंगेली।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 31 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए शपथ दिलाई। जिला शिक्षा अधिकारी ने लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल के देश के एकीकरण में किए गए अविस्मरणीय योगदान को याद किया और उनके आदर्शओं पर चलने के लिए प्रेरित किया। द्वितीय पाली के विद्यार्थियों एवं शाला स्टाफ को शाला प्राचार्य ने अंग्रेजी में शपथ दिलाई एवं उनके मार्गदर्शन में 'रन फार यूनिटी' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हाई एवं हायर सकेंडरी के विद्यार्थियों ने एकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रदर्शित करते हुए सर्किट हाउस तक दौड़ लगाई और वापस शाला में समापन किया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन रामनाथ गुप्ता, डीएमसी समग्र शिक्षा अशोक कश्यप, महादेव यादव, पंकज मिश्रा, राहुल वर्मा, राजेन्द्र साहू ,दीप्ति चतुर्वेदी, अमृता पात्रे, रंजीता केवट, डिकेश्वरी श्रीवास सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताएं




सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में प्रथम सत्र में हाई एवं हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा रन फॉर यूनिटी, भाषण, निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों का शाला प्राचार्य एवं स्टाफ ने बैज लगाकर स्वागत किया। द्वितीय सत्र में भाषण प्रतियोगिता में स्वीटी पाटले 12वीं प्रथम, हिमानी पटेल 11वीं द्वितीय एवं मानसी पात्रे 11वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में श्वेता लहरे 12वीं प्रथम, स्वीटी पाटले द्वितीय एवं अनुष्का बंजारा 10वीं तृतीय रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता में आद्या उपाध्याय 10वीं प्रथम, सुधांशु नेताम 9वीं द्वितीय एवं अनिरुद्ध देवांगन 9वीं तृतीय रहे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डीएसपी एसआर घृतलहरे ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, किस प्रकार स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार पटेल ने अपने दृढ़ इच्छा शक्ति एवं साहस के बल पर भारत को एकता के बंधन में बांधा।

### थाना फास्टरपुर प्रांगण में कबड्डी प्रतियोगिता



**सेतगंगा-मुंगेली।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर थाना फास्टरपुर सेतगंगा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस थाना प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं थाना प्रभारी गिरिजा शंकर यादव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सभापति जानकी बोगी बारमते मौजूद रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में नेम सिंह बारमते, जनपद सदस्य प्रतिनिधि कमल लोचन टोंडर, सरपंच पंडोतरा रायसिंग गबेल, कन्हैया सिंह बैस आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में ग्राम पंडोतरा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, दमखम और रणनीति का प्रदर्शन करते हुए मैदान में रोमांच बनाएं रखा। इस दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहें। अतिथियों ने विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन व आभार कवि देवेंद्र परिहार ने किया। फाइनल मैच पंडोतरा व महाविद्यालय फास्टरपुर सेतगंगा व पंडोतरा के बीच खेला गया, जिसमे पंडोतरा ने बाजी मारी। विजेता टीम को 2 हजार 500 रूपए नकद व ट्राफी एवं उपविजेता को 1 हजार 500 रूपए नकद व ट्राफी प्रदान की गई।

### कलेक्टर ने दिलाई राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जिला कलेक्टोरेट परिसर में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। कलेक्टर ने कहा कि, सरदार पटेल की दूरदर्शिता और उनके अद्वितीय कार्यों के कारण ही भारत की एकता संभव हो सकी। उन्होंने सभी को देश की आंतरिक सुरक्षा में योगदान देने और अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और राष्ट्रीय एकता दिवस की भावना के साथ देश की एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### राष्ट्रीय एकता व अखंडता के प्रेरक थे सरदार पटेलः श्यामता

**दगोरी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता व अखंडता के प्रतीक थे। उन्होंने ही आजादी के बाद विभिन्न रियासतों का एकीकरण व विलय देश में कराया। उक्त बातें कुर्मी धर्मशाला में सन्नाड्य कुर्मी समाज की ओर से आयोजित सरदार पटेल की जयंती कार्यक्रम में ग्राम इकाई के संरक्षक एडवोकेट श्यामता प्रसाद सन्नाट ने कही।कार्यक्रम के दौरान सरदार पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष बलदाऊ कौशिक, पूर्व अध्यक्ष दशरथ सन्नाट, घनश्याम कौशिक, दर्शन लाल कौशिक, छबिलाल कौशिक, सत्रुहन सन्नाट, सचिव जीवन लाल कौशिक, गोपाल कौशिक, राधेश्याम कौशिक, श्रवण कौशिक, श्याम सुंदर सन्नाट, सीताराम कौशिक, छन्नूराम सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### पुलिस ने किया 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन का आयोजन




**रतनपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रतनपुर पुलिस ने शुक्रवार को 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन का आयोजन किया। दौड़ में रतनपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने एकता और राष्ट्रभावना का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर रतनपुर पुलिस ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मेलाराम कठौतिया, उपनिरीक्षक कमलेश बंजारे, प्रधान आरक्षक बलदेव सिंह, आरक्षक गजेन्द्र सिंह, रामलाल राठौर, पवन सिंह, कीर्ति पैकरा, गोविंदा जायसवाल, नरेश पोर्ते, महिला आरक्षक स्वाती बंजारे, अनिषा कश्यप सहित पुलिस स्टाफ के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आत्मानंद स्कूल के खेल शिक्षक प्रमोद धीवर एवं आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्राओं की भी सक्रिय सहभागिता रही।

**एनटीपीसी सीपत में एकता दौड़ का आयोजन, उमड़ा उत्साह**

### देश की एकता व अखंडता बनाए रखना हर नागरिक का दायित्वः पांडेय



**सीपत।** एनटीपीसी सीपत में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 'एकता दौड़' और सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं परियोजना प्रमुख श्री विजय कृष्ण पाण्डेय ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं सतर्कता की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि, सरदार पटेल ने जिस दृढ़ संकल्प से भारत को एक सूत्र में पिरोया, वही भावना आज हर नागरिक में जीवित रहनी चाहिए। भारत की एकता और अखंडता बनाए रखना हम सबका कर्तव्य है। सामूहिक प्रयास और निष्ठा ही राष्ट्र को सशक्त बनाती है। शपथ ग्रहण के पश्चात परिसर में 'एकता दौड़' का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य महाप्रबंधक, प्रबंधक, अधिकारी-कर्मचारी, स्पोर्ट्स काउंसिल सदस्य, तथा सीआईएसएफ के अधिकारी व जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए। संगवारी महिला समिति की अध्यक्षा साधना पाण्डेय एवं उनकी सदस्याओं ने भी दौड़ में उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन में विशेष ऊर्जा का संचार किया। बाल भारती स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने भी कदम से कदम मिलाते हुए 'रन फॉर यूनिटी' में हिस्सा लिया और राष्ट्र की अखंडता, भाईचारे और एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर कार्यकारी निदेशक श्री पाण्डेय ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर विजेता प्रतिभागियों को पदक व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और समरसता बनाए रखने का संकल्प दोहराने की प्रेरणा दी।

### कांग्रेसियों ने पटेल और इंदिरा को अर्पित की श्रद्धांजलि



**लोरमी।** देश के पहले गृहमंत्री भारत रत्न वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोनों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सरदार पटेल के द्वारा भारत के निर्माण में रियासतों के विलय की यादें ताजा की गईं। साथ ही इंदिरा गांधी के बलिदान को भी याद किया गया। कांग्रेसियों ने दोनों महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनकी नीतियों पर चलकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कांग्रेस मीडिया प्रभारी अभिलाष जायसवाल ने कहा कि, देश की आजादी के बाद लगभग 600 रियासतों का भारत में विलय कर भारत को वर्तमान स्वरूप में खड़ा करने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पूरा राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। साथ ही देश की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर हम सभी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक महामंत्री कृष्णा कुमार सोनी, रामजी ध्रुव, राजू ध्रुव, अभिलाष जायसवाल एवं कंग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### चंद्रनाहू कुर्मी समाज ने पटेल को अर्पित की पुष्पांजलि



**तखतपुर।** कुर्मी कुल गौरव लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती के मौके पर सांस्कृतिक भवन श्रीराम मंदिर के पास स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर चंद्रनाहू कुर्मी समाज के सामाजिक बंधुओं ने माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं समाज के पूर्व अध्यक्ष संतोष कश्यप, बिसाहू राम कश्यप, हेमंत विजय कश्यप, प्रीतम कश्यप, घनश्याम कश्यप, कश्यप, नैन लाल साहू संजीव कश्यप ,ध्रुव कश्यप, हेमंत कश्यप, कुंज बिहारी कश्यप, द्वारिका कश्यप, ज्ञान सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन टीकम कौशिक एवं आभार व्यक्त सतीश कश्यप ने किया।

### सरदार पटेल की जयंती पर ली गई एकता की शपथ




**तखतपुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने छात्राओं को एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि, सरदार पटेल भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और खेड़ा सत्याग्रह, नागपुर ध्वज आंदोलन, और विशेष रूप से बारडोली सत्याग्रह का सफल नेतृत्व किया। बारडोली आंदोलन के दौरान किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए उनके अडिग नेतृत्व और संघर्ष को देखकर वहां की जनता ने उन्हें सरदार की उपाधि दी। इस अवसर पर बीआर सूर्यवंशी, रश्मि मिश्रा, मिनाज खान, मीनाक्षी शर्मा, जेडी कुजूर, जीडी वैष्णव, कामिनी गुप्ता, महेश्वरी सिन्हा, स्वीटी सिंह, दिव्या मिश्रा, संदीप ध्रुव, पुष्पेंद्र दुबे, मयंक यादव, अंकित विश्वकर्मा, पारुल यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। **जेएमपी महाविद्यालय में शपथ-** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती पर जेएमपी महाविद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने प्राध्यापको एवं छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई एवं सरदार वल्लभ भाई जी पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर डीपी चंद्रवंशी रहे एवं कार्यक्रम में डॉ सीमा मनीष नाथ, डॉ मीना शर्मा, डॉ मीरा गुप्ता, डॉ विपिन चंद्र अग्रहरी, अजीत अंकुर शुक्ला सहित छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही।

### लखराम में राष्ट्रीय एकता शपथ समारोह




**लखराम।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखराम में राष्ट्रीय एकता दिवस पर राष्ट्रीय एकता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य संजय सालुंके सहित सभी छात्र-छात्राओं एवं व्याख्याताओं ने राष्ट्र की आतंरिक सुरक्षा व अखंडता बनाए रखने हेतु शपथ ली।

**सैकड़ों एकड़ फसल चौपट**

# खूंटाघाट का पानी बना किसानों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



खूंटाघाट जलाशय से छोड़े जा रहे पानी के असंतुलित बहाव ने सीपत क्षेत्र के किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पहले जहां छोटे नहरों में पानी का कम प्रवाह होने से किसानों की फसलें सूखने लगी थीं, वहीं जलस्तर बढ़ाए जाने के बाद अब सीपत के अनेक किसानों की फसलें जलमग्न होकर चौपट हो गईं।

गांव-गांव के किसान नहरों में कम पानी आने से चिंतित थे। इस समस्या को लेकर किसानों ने सरपंचों के माध्यम से सिंचाई विभाग में आवेदन देने की पहल की थी। किसानों की मांग और जनप्रतिनिधियों के दबाव पर विभाग ने अचानक नहरों में जल स्तर बढ़ाने के निर्देश जारी कर दिए, लेकिन यह निर्णय उल्टा पड़ गया। सीपत के लगभग 50 से अधिक किसानों की धान की फसलें पानी में डूब गईं। छोटे नहरों से लगे खेतों में पानी का बहाव इतना बढ़ गया, कि खेतों में जलभराव हो गया और तैयार फसलें सड़ने लगीं। क्षेत्र के नवागांव, झलमला, बनियाडीह, कैमाडीह और धनियां जैसे गांवों में जहां पानी की सख्त जरूरत थी, वहीं सीपत में जल स्तर पहले से पर्याप्त था। इसके बावजूद यहां बहाव बढ़ाने से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तामेश्वर कौशिक और सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार ने बताया कि जल स्तर बढ़ाने के बाद ही उन्होंने सिंचाई विभाग के एसडीओ और टाइमकीपर को तत्काल जलस्तर घटाने की मांग की थी, ताकि ज्यादा बहाव से फसल बर्बाद न हो। नतीजा यह हुआ कि मंगलवार को सीपत के जुगल किशोर वर्मा, दुबे सिंह कश्यप, तामेश्वर कौशिक सहित कई किसानों की हजारों की फसलें चौपट हो गईं। अब जबकि 15 दिन बाद धान खरीदी शुरू होने वाली है, किसान इस सोच में हैं कि, कटाई कैसे करें और नुकसान की भरपाई कैसे होगी। किसानों ने शासन से फसलों की क्षतिपूर्ति और राहत राशि देने की मांग की है। वहीं, सिंचाई विभाग के एसडीओ श्री दीवान ने कहा कि, जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किसानों की मांग थी कि नहर खोला जाए। लेकिन अब वास्तविक स्थिति को देखते हुए नहर को बंद कर दिया गया है।

# नाली का पानी सड़क पर जमा होने से लोग परेशान

**मरवाही।** नगर पंचायत मरवाही में वार्ड 9 एवं 10 में नाली का पानी सड़क पर बहने एवं जमा होने से वार्डवासियों के साथ-साथ राहगीरों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी अध्यक्ष और ही वार्ड पार्षदों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है।

गौरतलब हो कि, नगर पंचायत मरवाही के वार्ड 9 और 10 में चांदनी चौक में बनी नाली रोड के बगल में है एवं नाली की सफाई नहीं होने के कारण पानी नाली से बाहर बह रहा है। इसी बीच पंचायत ने वहां मिट्टी व गिट्टी से पटाई कर दी, जिस कारण पानी वहां जमा होने लगा। इससे मोहल्ले वासियों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी छोटे यादव ध्यान सिंह का कहना है कि, चुनाव जीतकर घर बैठे जनप्रतिनिधियों के कारण यहां स्थिति और खराब होते जा रही है।



उन्होंने बताया कि, हमने नगर पंचायत के सीएमओ को इसकी जानकारी दी है। इंजीनियर को नई नाली बनाने का इस्टीमेट तैयार करने कहा गया है

**नाली सही नहीं बनी**

नाली सही नहीं बनने के कारण ऐसी समस्या आ रही है। जेसीबी लगाकर नाली को तोड़कर पानी निकासी की समस्या को दुरुस्त किया जायेगा

- **एस यादव**, सीएमओ मरवाही

## खबर संक्षेप

### डॉ श्वेता ने अनुसंधान के क्षेत्र में रचा इतिहास




लोरमी। नगर की डॉ श्वेता झील जायसवाल ने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नया इतिहास रच दिया है। उन्हें उनके अभिनव आविष्कार 'पोर्टेबल एआई संचालित मृदा स्वास्थ्य विश्लेषण एवं अनुशंसा उपकरण' के लिए भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय से पेटेंट प्राप्त हुआ है। यह स्मार्ट यंत्र मिट्टी की नमी, तापमान, पीएच मान और पोषक तत्वों का तुरंत विश्लेषण कर किसानों को सटीक रिपोर्ट देता है, जिससे स्मार्ट फार्मिंग को बढ़ावा मिलेगा। इस परियोजना में कृषि अधिकारी अभय पाल ने सहयोग किया। डॉ श्वेता पिछले दो दशकों से शोध और शिक्षा में सक्रिय हैं एवं उन्हें पहले भी भिलाई आईआईटी में 'द प्रोग्रेस ग्लोबल अवार्ड' से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने पति झील जायसवाल को दिया है। डॉ श्वेता का यह आविष्कार भारतीय कृषि में तकनीकी क्रांति का नया अध्याय खोलने जा रहा है।

### तीन विद्यार्थियों का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन



**लोरमी।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर कला के तीन विद्यार्थियों ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 'प्रयास आवासीय विद्यालय' में चयन प्राप्त किया है। चयनित विद्यार्थियों में हर्ष शर्मा का चयन शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग, प्रवीण कश्यप का शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय जशपुर तथा पायल कश्यप का शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर में हुआ है। ये तीनों छात्र विद्यालय में कक्षा 8वीं के विद्यार्थी रहे हैं।

## निधन

### संतोष धर दीवान



बिलासपुर। चटर्जी गली, नया सरकंडा निवासी संतोष धर दीवान का निधन हो गया। वे 50 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में 30 अक्टूबर को किया गया। वे नटवर धर दीवान व नरोत्तम धर दीवान के भतीजे एवं प्रकाश घर दीवान के छोटे भाई थे।

### शेख सलीम



बिलासपुर। विकास नगर तिफरा वार्ड क्रमांक 8 निवासी शेख सलीम का 30 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 40 वर्ष के थे। उन्हें मरीमाई कब्रिस्तान खामोशगंज में सुपुर्देखाक किया गया। वे वाहिदा बेगम के पति, शेख समीन, शेख आमीन और आफरीन परवीन के पिता थे।

### समारू राम घृतलहरे



बिलासपुर। वन विभाग के सेवानिवृत कर्मचारी तिफरा विकास नगर वार्ड क्रमांक 8 निवासी समारू राम घृतलहरे का 31 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम टिकरी नवागांव में किया गया। वे स्व. बुटक घृतलहरे के पति, सुरेश घृतलहरे, महेन्द्र घृतलहरे, इश्नेह लता, शैल, अंजु के पिता एवं उतरा घृतलहरे, संजु लता घृतलहरे के ससुर थे।

### हीरालाल केशरवानी



बिलासपुर। अशोक नगर मेन रोड निवासी हीरालाल केशरवानी पूर्व शिक्षक का 31 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेश केशरवानी, मुकेश केशरवानी के पिता थे।

### सेलिन डेविड



**बिलासपुर।** राजीव बिहार निवासी सेलिन डेविड का 31 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 1 नवंबर को शाम 4 बजे तोरवा कब्रिस्तान में किया जाएगा।

### प्रेम जॉन मसीह



जरहागांव। छतौना जरहागांव के वरिष्ठ नागरिक प्रेम जॉन मसीह का 90 वर्ष के आयु में निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार प्रभु के वाटिका पेंड्रीडीह छतौना में किया गया वह रेव्ह. रॉड्रिक जॉन, रेव्ह. राजेश जॉन, रेणु जैमन, रीतू बाला जॉन, रजनी बाला जॉन, के पिता थे।

### झूमरी और उसके शावक बनेंगे आकर्षण का केंद्र

# आज से खुलेगा एटीआर, पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार, सफारी स्लॉट बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

प्रदेश का सबसे बड़ा और सबसे प्रसिद्ध अचानकमार टाइगर रिजर्व अब पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। एटीआर में 1 नवंबर से जंगल सफारी की अनुमति प्रदान की जा रही है, जिससे प्रकृति और वन्यजीव प्रेमियों का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार समाप्त होने वाला है।

इस वर्ष एटीआर में सफारी की एडवांस ऑनलाइन बुकिंग शुरू की गई है, और लॉन्च होने के कुछ ही दिनों में अनेक सफारी स्लॉट पूरी तरह बुक हो चुके हैं। पर्यटकों में विशेष उत्साह इस बार झूमरी और उसके शावकों को लेकर है, जो इस सीजन का सबसे बड़ा आकर्षण माना जा रहा है। एटीआर प्रबंधन ने न केवल सफारी को किफायती रखा है, बल्कि पर्यटकों की सुविधाओं और अनुभव को और समृद्ध करने के लिए कई नई पहल भी की गई है। अन्य टाइगर रिजर्व्स की तुलना में अचानकमार में सैर-सपाटा अधिक सस्ता और सुलभ होगा, जिससे बड़ी संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। मैकल पर्वत की गोद में फैला यह भव्य अभयारण्य टाइगर, तेंदुआ, भालू, सोनकुत्ता, बाइसन,



चीतल, सांभर, कोटरी, खरगोश, उड़न गिलहरी और मोर जैसे असंख्य वन्य प्राणियों का घर है। यहां अनेकों प्रजातियों के पक्षी भी निवास करते हैं, जिससे यह पक्षी-प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन जाता है।

#### एटीआर में नई पर्यटक पहल शुरू

इस बार पर्यटकों को लुभाने के लिए एटीआर प्रबंधन ने नई पहल की है। इसी क्रम में 'नेचर ट्रेल' का शुभारंभ किया गया है, जहां पर्यटक स्थानीय गाइड्स के साथ पैदल भ्रमण कर वनस्पति, पक्षियों और तितलियों की विविधता का अनुभव कर सकेंगे। साथ ही 'सुवेनियर शॉप' में स्थानीय गोंड एवं गोंदना कला, हस्तशिल्प और वन उत्पादों से निर्मित स्मृति-चिह्न उपलब्ध रहेंगे, जो स्थानीय समुदायों को आजीविका का नया माध्यम प्रदान करेंगे। इसके साथ ही अब पर्यटक 'टाइगर कैंटीन' में पारंपरिक बैगा व्यंजनों से लेकर हल्के स्नैक्स और पेय पदार्थों तक का आनंद ले सकेंगे। जंगल सफारी एवं बैगा रिसॉर्ट की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**पर्यटकों को प्राप्त होगा रोमांचक अनुभव**

बेहतर सड़क नेटवर्क, उन्नत पर्यटक सुविधाए, स्थानीय समुदाय की सहभागिता और झूमरी जैसी बाघिनों की बढ़ती उपस्थिति से इस वर्ष पर्यटकों को एक अद्भुत, सुरक्षित और रोमांचक वन्यजीव अनुभव प्राप्त होगा।

- यूआर गणेश, डीएफओ एटीआर

## तीन रेत खदानों की ई-नीलामी के लिए तारीख तय

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग के निर्देशानुसार जिले में रेत खदानों के संचालन हेतु ई-नीलामी की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी। जिले में तीन रेत खदानें भकुरीडीह, लुकऊकापा एवं रौनाकापा के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया की जाएगी।

रेत खदान भकुरीडीह के लिए निविदा 14 अक्टूबर को तथा लुकऊकापा और रौनाकापा रेत खदान के लिए निविदा 29 अक्टूबर को जारी किया गया है। रेत खदान भकुरीडीह के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली 4 नवंबर से 10 नवंबर तक सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक और लुकऊकापा और रौनाकापा रेत खदान के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली 19 नवंबर से 25 नवंबर तक सुबह 10 बजे से शाम 05.30 बजे तक एमएसटीसी पोर्टल में आनलाइन माध्यम से जमा की जाएगी। विस्तृत दिशा-निर्देश खनिज साधन विभाग की वेबसाइट के साथ ही जिला कलेक्टोरेट स्थित जिला खनिज शाखा, ग्राम पंचायत, जनपद व जिला पंचायत के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है। खनिज अधिकारी ने बताया कि, बोली में भाग लेने के इच्छुक आवेदकों को डिजिटल सिग्नेचर क्लास-3 साईनिंग एंड इनक्रप्सिन, बैंक खाता, मूल निवास, सर्टिफिकेट, पैन कार्ड, टिन नम्बर, जीएसटीएन, आधार कार्ड सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

## देवउठनी एकादशी आज, विधि-विधान से होगा तुलसी विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

देवउठनी एकादशी के साथ ही देवताओं का चातुर्मास समाप्त होगा। इसके साथ ही चार माह से बंद मांगलिक कार्यों की शुरूआत होगी। इस बार देवउठनी एकादशी दो दिन 1 एवं 2 नवंबर को मनाया जा रहा है।

■ गन्ने का मंडप बनाकर की जाएगी पूजा, शुरू होंगे मांगलिक कार्य

एकादशी की पूजा के लिए लगने वाली सामाग्रियां बाजारों में बिकने के लिए पहुंच गई हैं। महंगाई की मार इस त्यौहार पर भी नजर आ रही है, सभी पूजा के समानों में 10 से 20 प्रतिशत की वृद्धि पिछले वर्ष से हुई है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी दो दिन 1 एवं 2 नवंबर को देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी। शास्त्रों के अनुसार इस दिन से मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। पंडित संतोष कुमार पाठक के अनुसार एकादशी व्रत 2 नवम्बर रविवार को मनाना उचित है। रविवार को तुलसी पूजा करें, कोई दोष नहीं है। नारायण हरी पूजा में, शालिग्राम पूजा व



तुलसी विवाह में तुलसी टूट जाती है तो भी दोष नहीं है। देवउठनी के दिन भगवान विष्णु और तुलसी मैया का विवाह का विधान है, इसके लिए गन्ने का मंडप बनाकर विधि-विधान पूजा की जाएगी। दीपावली के ग्यारहवें दिन मनाये जाने वाले इस पर्व को छोटी दीपावली के नाम से भी जाना जाता है। एकादशी के लिए लगने वाले सामाग्री में गन्ना, बीही, कच्चा सिंघाड़ा, चना भाजी, बेर, केला, मूली, बैगन, सेव फल आदि भगवान को समर्पित किया जाता है। इन सामाग्रियों की पूछ-परख अधिक होने के कारण अधिक मूल्य पर बिकते हैं। एकादशी के पश्चात शादी ब्याह, गृह प्रवेश, उपनयन संस्कार, नामकरण जैसे मांगलिक कार्य जो रुके हुए थे, वे चातुर्मास समाप्त होने पर फिर से शुरू हो जाएंगे। घरों में पूजा पाठ के पश्चात घर के पुराने टोकरी व अन्य सामानों को घर के बाहर जलाकर तापा जाता है। मान्यता है कि, तुलसी विवाह के पश्चात ठंड में अचानक वृद्धि हो जाती है।

### पॉलिटेक्निक में उद्यमिता जागरूकता शिविर

**तखतपुर।** शासकीय पॉलिटेक्निक तखतपुर में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बिलासपुर की ओर से उद्यमिता जागरूकता शिविर एवं औद्योगिक विकास नीति की जानकारी विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के सहायक संचालक आरती जालारिया एवं सहायक संचालक रेवती कुमार लहरे ने प्रतिभागियों को राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति, उद्यमिता के अवसर एवं सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, राज्य सरकार युवाओं को उद्योग एवं स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न रियायतें एवं सहायता प्रदान कर रही है।

## गुरु घासीदास बाबा पर अभद्र टिप्पणी, कार्रवाई की मांग



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ ने परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा के बारे में अभद्र टिप्पणी करने वाले विजय राजपूत सिंधी के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट एवं अन्य गंभीर धाराओं के तहत तत्काल कार्रवाई करने की मांग को लेकर तखतपुर थाने में ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव खांडे, संभाग अध्यक्ष संदीप खांडे, जिलाध्यक्ष बिहारी सिंह टोडर, ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश कोसले, बीसी कुर्रे, सीडी डाहीरे, कृष्णा जांगड़े, रामकुमार कुर्रे, कोमल टोडर, सुनील जांगड़े, नरेंद दिनकर, अरुण दिनकर, ऋषि, उमेश, आदर्श, मनीष दिवाकर, अनुराग, ओंकार, आजाद, अनिल तांडे, प्रियांशु डहरिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कस्तूरबा कन्या विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता



**मुंगेली।** कस्तूरबा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनोबा नगर में निबंध प्रतियोगिता रवि गैस एजेंसी की ओर से आयोजित किया गया। रवि पुरानिक का स्वागत व्याख्याता शुभम यादव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रह्मदत्त त्रिपाठी ने बताया कि, जीवन में प्रत्येक क्षण सतर्कता आवश्यक है। हम कहीं भी रास्ते में चल रहे हों तो सावधानी पूर्वक चलना चाहिए। हमें हमें अपना जीवन सतर्कता से ही आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रवि पौराणिक ने कहा कि, हमारे पूरे जीवन काल में सतर्कता का बड़ा महत्व है। हम कितने अच्छे तरीके से अपने सारे कामों को व्यवस्थित ढंग से पूरा करते हैं यही हमारी सफलता का सूत्रधार बनता है। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार निवी देवांगन, द्वितीय पुरस्कार मुस्कान देवांगन एवं तृतीय पुरस्कार रीमा बर्मन को प्राप्त हुआ। सांत्वना पुरस्कार नैना देवांगन, वैशाली साहू और दीपेश देवांगन को प्राप्त हुआ।

## वकीलों की भूख हड़ताल स्थगित व्यवस्था सुधार का दिया समय



हरिभूमि न्यूज ⏭ मरवाही

एसडीएम और तहसीलदार की कोर्ट में हो रही अनियमिताओं, लेट लतीफी एवं अन्य विभिन्न समस्याओं के चलते अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नीलेश तिवारी ने आगामी 3 नवम्बर से भूख हड़ताल पर बैठने का निर्णय लिया था। इस बारे में सूचना मिलने पर आनन-फानन में एसडीएम मरवाही निकिता मरकाम के स्थान पर देवेंद्र सिरमौर को नया एसडीएम का प्रभार दिया गया। साथ ही कलेक्टर ने स्वयं तहसील का जायजा लिया और सभी के साथ बैठक कर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में शुक्रवार को नव नियुक्त एसडीएम देवेंद्र सिरमौर ने अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नीलेश तिवारी सहित समस्त स्टाफ के साथ बैठक लेकर जल्द ही तहसील की व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। इस पर अधिवक्ता संघ ने आपसी सहमति बनाकर आमरण अनशन को कुछ समय के लिए रोकने का निर्णय लिया है। यदि तहसील मरवाही की क्रियाकलापों में सुधार नहीं हुआ, तो वे अपना प्रदर्शन करने के लिए स्वतंत्र रहेंगे।

**आपसी सहमती बनीं है:** हमारे द्वारा अधिवक्ता संघ की शिकायत दर्ज की गई है। आपसी चर्चा करते हुए एक तय समय सीमा पर स्थितियों में सुधार लाने पर आपसी सहमति बनी है। अधिवक्ताओं और प्रशासन के सामंजस्य से ही आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण होगा
- देवेन्द्र सिरमौर, एसडीएम मरवाही

**फिलहाल भूख हड़ताल स्थगित:** प्रशासन के निवेदन पर हमने एक तय समय के लिए भूख हड़ताल को स्थगित कर दिया है। यदि हालातों में सुधार नहीं हुए, तो हम भूख हड़ताल के लिए स्वतंत्र रहेंगे।
- नीलेश तिवारी, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ मरवाही

### इन्टीग्रेटेड कमान्ड एंड कंट्रोल सेंटर का गठन

**मुंगेली।** किसानों की शिकायतों के त्वरित निराकरण एवं सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला स्तर पर इन्टीग्रेटेड कमान्ड एंड कंट्रोल सेंटर का गठन किया गया है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने आसामी श्रीमती मिनाक्षी शुक्ला, पति अभिनव शुक्ला, निवासी - गोड़पारा, बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर, राज्य छ.ग. वाले से अधिकृत हो होकर यह आम सूचना प्रमाणित करता हूँ कि मौजा परसदा, प.ह.नं. 49, रा.नि.मं. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर, राज्य छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 111/18 रकबा 1320 वर्गफुट है, जो कि सुधीर वर्मा, पिता देवी प्रसाद वर्मा, निवासी - तेलीपारा, बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर, राज्य छ.ग. के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त भूमि को मेरे आसामी ने क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है।

अगर किसी व्यक्ति / संस्था / बैंक / निजी निकाय को किसी प्रकार से कोई आपति है तो 07 दिवस के अंदर मय दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि निकलने के पश्चात किये जाने वाले आपत्ति मान्य नहीं होगी।

'सो सूचना जाने'
दिनांक: 04/10/25

भवदीय
वेद प्रकाश विश्वकर्मा (अधिवक्ता)
बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9907444307
6266424266

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक /क/अति.तह./वा/20, बिलासपुर दिनांक 30.10.25

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मोपका प.ह.नं.29, रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सिद्धार्थ कुमार रथ पिता / पति प्रदीप कुमार रथ निवासी ग्राम सोंठी तहसील सक्ती जिला सक्ती द्वारा प.ह.नं. 29 मौजा मोपका स्थित भूमि ख.नं.. 1119/14 रकबा 2400 व.फु. एकड़/हे. भूमि को आवेदक द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत वसीयत नामांतरण / फौती नामांतरण /क्रय विक्रय /दानपत्र के आधार पर किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 17/11/25 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम तिफरा प.ह.नं. 36/40 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 426/33, भूखण्ड क्रमांक 16/9 रकबा 1350 वर्गफीट क्षेत्रफल भुतल पर निर्मित पक्का मकान जो कि श्री राम पार्क महराणा प्रताप नगर यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि विक्रेता श्रीमति शीला मिश्रा पति सुशील कुमार मिश्रा आयु लगभग 51 वर्ष निवासी क्वार्टर नं. 1020/1 न्यू कंस्ट्रक्शन कालोनी बिलासपुर (छ.ग.) की स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि है। जिसे मेरे पक्षकार श्रीमति ललिता शर्मा पति उमेश शर्मा आयु लगभग 56 वर्ष निवासी वार्ड नं. 06, मकान नं. आई/96 यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर (छ.ग.) से बेचने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि बयाना कर लिया है। जिसका पंजीयन 15 दिवस के भीतर के अंदर करवाया जायेगा। जिस किसी भी व्यक्ति/ बैंक / संस्था शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था को आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों के आपत्ति प्रस्तुत करें, निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं होगी और मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित भूमि को अपने नाम पर पंजीयन करा लेगा।

भवदीय
राजेश हजारी
अधिवक्ता
तहसील कार्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.- 9827804459

**कार्यालय रा.नि.मं. बोदरी, तहसील बोदरी, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना पत्र**

सीमांकन/मौका जांच समय उपस्थित होने हेतु

प्रति,
1. सुरेश कुमार कौशिक 2. चिन्ताराम 3. दौलतराम मतलानी 4. अन्य सरहदी भूमिस्वामी 5. ग्राम कोटवार

विषय :- सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।
संदर्भ :- न्याया. तह. के ज्ञा.क्र./09/वा1/तह./2025 बोदरी दिनांक 15/10/25

उक्त वषयान्तर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका सुरेश कुमार कौशिक पिता/पति गंगा प्रसाद निवासी नगपुरा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. व तहसील बोदरी स्थित भूमि ख.नं. 321 रकबा 0.142 भूमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतु छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 3/11/25 को 12:00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त भमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें।

रा.नि. बोदरी
तहसील बोदरी जिला- बिलासपुर

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/ अति-कले/2025,
बिलासपुर, दिनांक 28.10.2025

श्री पंकज अनिमेष एक्का आत्मज श्री डविन कुमार एक्का उम्र 34 वर्ष निवासी 9/797 भारतीय नगर थाना सिविल लाईन तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. एवं कुमारी नीलेश्वरी धीरज आत्मजा श्री जे.पी. धीरज उम्र 32 वर्ष निवासी नगर निगम कॉलोनी महाराणा प्रताप चौक थाना सिविल लाईन बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अत: प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनाँक 04.12.2025 को प्रात: 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


पंकज अनिमेष एक्का


कुमारी नीलेश्वरी धीरज

विवाह अधिकारी,
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-6/2025-26
ग्राम सैदा, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सैदा, प.ह.न. 41 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगत पिता फेकुलाल व अन्य 01 निवासी ग्राम जरहाभाठा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम सैदा म.नं.05 प.ह.न. 41 रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 123, रकबा 0.372हे./0.92ए. भूमि है। उक्त भूमि को स्व. फेकुलाल एवं स्व. लाखनलाल के द्वारा संयुक्त रूप से क्रय किया गया था। उक्त भूमि को स्व. फेकुलाल एवं स्व. लाखनलाल के वारिशों के नाम पर संयुक्त रूप से दुरूस्त हो चुका था जिसे स्व. लाखनलाल के वारिशों द्वारा अवैध रूप से आवेदकगण का नाम विलोपित कर दिया गया। उक्त भूमि को आवेदक द्वारा व्यवहार न्यायालय प्रथम जिला न्यायधीश बिलासपुर छ.ग. के समक्ष पेश किया गया जिसमें स्व. फेकुलाल के वारिशों का नाम संयुक्त रूप से दर्ज कर उक्त भूमि के आधे हिस्से रकबा 0.46ए. को स्व. फेकुलाल के वारिश आवेदकगण के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आदेश पारित किया गया है। यह कि आदेश का परिपालन करते हुये उक्त भूमि मे से र.0.46ए. स्व. फेकुलाल के वारिश आवेदकगण के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 07/11/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-27/2024-25
ग्राम घुरू, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम घुरू, प.ह.न. 61 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखनंदन पिता स्व. देवी प्रसाद निवासी ग्राम गोकुल नगर घुरू, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम घुरू प.ह.न. 43 रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 485/2-3, रकबा 0.24 एकड भूमि आवेदक एवं अनावेदकगणों के नाम पर संयुक्त रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज चला आ रहा है। उक्त भूमि का रकबा 0.14 एकड़ भूमि आवेदक एवं 0.10 एकड़ भूमि को अनावेदक क्र. 01 एवं 02 में बराबर-बराबर हिस्से में अंतर्गत धारा 178 छ.ग. भू-राजस्व संहिता सन 1959 वास्ते खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन न्यायालय में पेश किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 07/11/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र........ ब-121/2024-25
ग्राम पंचायत फुलवारी एफ

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम फुलवारी एफ को सूचित किया जाता है कि आवेदक सनत कुमार पिता हीरासिंह ग्राम फुलवारी एफ तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र/ पुत्री/दादी जामा बाई जन्म / मृत्यु दिनांक 15.08.1991 को ग्राम फूलवारी एफ में हुआ है जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म / मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईश्तहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जिस किसी व्यक्ति को / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 06/11/2025 को सुबह 10.30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा। अत: आज दिनांक 09/10/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी,
लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र........ ब-121/2024-25
ग्राम पंचायत डिंडौरी

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम डिंडौरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप कुमार बंजारे पिता भीखम चंद बंजारे निवासी ग्राम डिंडौरी तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र/ पुत्री/बहन सरस्वती बाई जन्म / मृत्यु दिनांक 01.01. 2009 को ग्राम डिंडौरी में हुआ है जिसका आवेदक द्वारा अज्ञानतावश जन्म / मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक द्वारा उक्त प्रमाण पत्र हेतु आवेदन, शपथ पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र तथा निर्धारित राशि खजाना सहित कर चालान की मूल प्रति एवं ईश्तहार शुल्क के साथ पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जिस किसी व्यक्ति को / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति / दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 03/11/2025 को सुबह 10.30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा। अत: आज दिनांक 17/10/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी,
लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक /Q/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 28/10/2025

मौजा जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं.....तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित /कृषि भूमि ख.नं. 12 रकबा 912 व.फु. / एकड़ भूमि चौहद्दी उत्तर सीसी सड़क दक्षिण ईतवारी मकान पूर्व चंदूभाई पश्चिम रामजी में आवेदन पत्र अनुसार आवेदक/उनके पूर्वज दिनांक.... से काबिज होने से आवेदक/ आवेदिका लक्ष्मीबाई धान्डेकर पिता/ पति विष्णु धान्डेकर निवासी कतियापारा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा कब्जा प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति /दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 17/11/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनांक 28/10/25 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनान्तर्गत, अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट.-ब्लाक नं. 25/300 द्वितीयतल आबंटी श्री बहोरन लाल पाण्डेय पिता स्व श्री लखन लाल पाण्डेय को आबंटित है। आबंटी श्री बहोरन लाल पाण्डेय, की दिनांक 03.06.2023 को मृत्यु हो गई है। आबंटी के पुत्र श्री संजय कुमार पाण्डेय पिता स्व श्री बहोरन लाल पाण्डेय द्वारा पारिवारिक सहमति के आधार पर उक्त भवन को नामांतरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय/ अर्द्धशासकीय / संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है, अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल द्वारा नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण / हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनान्तर्गत, अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एच.आई.जी-I-48 (आकाश) आबंटी श्री काशिफ शकील पिता श्री चौधरी मोहम्मद (सी.एम. शकील), को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 02.05.2014 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 07.10.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री अशोक कुमार झा पिता श्री काशी नाथ झा, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय / अर्द्धशासकीय/ संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/ हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण / हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

# राज्योत्सव पर छत्तीसगढ़ी लोक गीत, नृत्य, कविताओं की प्रस्तुति

## एवीएम के बच्चों ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम



कार्यक्रम में उपस्थित एवीएम की छात्राएं व टीचर।

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल वेयरहाउस में छत्तीसगढ़ राज्योत्सव पर छत्तीसगढ स्थापना दिवस की रजत जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम देशभक्ति की भावना के साथ 31 अक्टूबर को विद्यालय प्रांगण में मनाया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरे विद्यालय परिसर को छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति और विरासत को दर्शाने वाले रंगों और प्रतीकों से सुंदर रूप से सजाया गया था। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोक गीत, नृत्य, कविताएँ और भाषण प्रस्तुत किए, जिनमें राज्य की परंपराओं, उपलब्धियों और गौरव को दर्शाया गया।

कार्यक्रम का समापन रश्मि श्रीवास्तव, शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा "अरपा पैरी के धार" और एक हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मना राष्ट्रीय एकता दिवस

## एसईसीएल में रन फार यूनिटी का आयोजन

एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फार यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया। यह आयोजन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर देश की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता के संकल्प को सशक्त करने हेतु आयोजित किया गया । मुख्य अतिथि निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, श्रद्धा महिला मंडल उपाध्यक्षा इप्सिता दास की उपस्थिति में वसंत विहार खेल मैदान में दौड़ का फ्लैग-ऑफ किया । फ्लैग-ऑफ के साथ ही दौड़ का शुभारंभ हुआ, जो ऊर्जा, उत्साह और देशभक्ति के माहौल में एसईसीएल नेहरू शताब्दी नगर स्थित रोज गार्डन में संपन्न हुआ । निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने कहा कि "राष्ट्रीय एकता दिवस हमें सरदार वल्लभभाई पटेल के अदम्य साहस और दूरदर्शिता की याद दिलाता है, जिन्होंने देश को एक सूत्र में पिरोया। इस दौड़ में एसईसीएल के अधिकारी-कर्मचारी, डीएवी स्कूल के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों के लगभग 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।



## सरदार पटेल की जयंती पर स्काउट्स एवं गाइड्स ने दिखाई एकता की मिसाल




लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, जिला संघ - द्वारा "राष्ट्रीय सद्भावना एकता दौड़" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल थे। विशिष्ट अतिथि विधायक धर्मलाल कौशिक , धर्मजीत सिंह, मेयर पूजा विधानी, भाजपा की प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडे, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, चंद्रप्रकाश बाजपेयी, विजय कुमार टांडे, विजय कुमार यादव उपस्थित रहे। राष्ट्रीय एकता दिवस को हरी झंडी दिखाकर अमर अग्रवाल ने दौड़ की शुरुआत की। राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ धर्मलाल कौशिक ने दिलाई। कार्यक्रम में सुश्री लता यादव, डॉ. पूनम सिंह, संतोष त्रिपाठी, महेन्द्र बाबू टंडन आदि मौजूद थे।

## उषा देवी मेमोरियल कॉलेज में राष्ट्रीय एकता की ली गई शपथ




उषा देवी मेमोरियल कॉलेज सकरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प लिया गया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुलक्षना वासनिक ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन समर्पण, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्र की एकता के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर देश की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए। डॉ. रीना ताम्रकार ने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में किए गए महान योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिखा मिश्रा, अंशु गुप्ता, ओमी गुप्ता, अखिलेश पाण्डेय, देवकुमार अंशु, निशा, अक्षत, रवीना, यामिनी, रामेश्वरी, माया, मुस्कान, समीर, प्रिंस, समृद्धि, संगीता, निकिता, सुमन आदि मौजूद थीं।

# देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह की हार्दिक शुभकामनाएं

## मां तुलसी विवाह की प्रचलित और प्रामाणिक कथा




एक समय जलंधर नाम का एक पराक्रमी असुर हुआ। इसका विवाह वृंदा नामक कन्या से हुआ। वृंदा भगवान विष्णु की परम भक्त थी। इसके पतिव्रत धर्म के कारण जलंधर अजेय हो गया था। इसने एक युद्ध में भगवान शिव को भी पराजित कर दिया। अपने अजेय होने पर इसे अभिमान हो गया और स्वर्ग की कन्याओं को परेशान करने लगा। दुःखी होकर सभी देवता भगवान विष्णु की शरण में गए और जलंधर के आतंक को समाप्त करने की प्रार्थना करने लगे।










भगवान विष्णु ने अपनी माया से जलंधर का रूप धारण कर लिया और छल से वृंदा के पतिव्रत धर्म को नष्ट कर दिया। इससे जलंधर की शक्ति क्षीण हो गयी और वह युद्ध में मारा गया। जब वृंदा को भगवान विष्णु के छल का पता चला तो उसने भगवान विष्णु को पत्थर का बन जाने का शाप दे दिया। देवताओं की प्रार्थना पर वृंदा ने अपना शाप वापस ले लिया। लेकिन भगवान विष्णु वृंदा के साथ हुए छल के कारण लज्जित थे अतः वृंदा के शाप को जीवित रखने के लिए उन्होंने अपना एक रूप पत्थर रूप में प्रकट किया जो शालिग्राम कहलाया। भगवान विष्णु को दिया शाप वापस लेने के बाद वृंदा जलंधर के साथ सती हो गई। वृंदा के राख से तुलसी का पौधा निकला। वृंदा की मर्यादा और पवित्रता को बनाए रखने के लिए देवताओं ने भगवान विष्णु के शालिग्राम रूप का विवाह तुलसी से कराया। इसी घटना को याद रखने के लिए प्रतिवर्ष कार्तिक शुक्ल एकादशी यानी देव प्रबोधनी एकादशी के दिन तुलसी का विवाह शालिग्राम के साथ कराया जाता है।






तुलसी विवाह देवउठनी एकादशी के दिन मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि तुलसी विवाह कराने से व्यक्ति को पुण्य की प्राप्ति होती है। तुलसी विवाह का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। हर वर्ष कार्तिक मास की एकादशी तिथि के दिन जिसे देवउठनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। उस दिन तुलसी विवाह मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति तुलसी विवाह कराता है उसके जीवन से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### 67 नग देशी शराब सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने एक युवक को पकड़कर उसके पास से 67 नग देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह को सूचना मिली, जोंधरा में एक युवक के द्वारा भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री कर रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ दबिश देकर जोंधरा निवासी करण थवाइत पिता स्व. विजय थवाइत 19 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 67 नग देशी पव्वा शराब जब्त किया गया है।

### महिला के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में महिला की फोटो अपलोड कर अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने वाट्सएप की डीपी में अपनी दीपावली मनाने हुए फोटो अपलोड किया था। अज्ञात व्यक्ति ने उनकी डीपी से फोटो निकलाकर सोशल मीडिया फेसबुल में अपलोड कर अभद्र टिप्पणी की है। सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी देखकर महिला ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गवाह बनने पर व्यक्ति से जमकर मारपीट

**बिलासपुर।** एक होटल में शादी पार्टी के दौरान गवाह बनने पर एक व्यक्ति के साथ गली गलौज कर जमकर मारपीट कर दी गई है। मारपीट होने से पार्टी में भगदड़ मच गई। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, मिनोचा कालोनी निवासी ओमप्रकाश बजाज पिता नवलमल बजाज 58 साल 28 अक्टूबर की रात मोहित बजाज की शादी पार्टी में शामिल होने सीपीआई होटल गए थे। पार्टी हाल के किनारे में वह खड़े हुए थे। इसी दौरान श्याम लाल चंदानी उनके पास आकर मेरे मामले में गवाह बने थे, मेरे कोई कुछ बिगाड़ सका कहते हुए गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर श्याम लाल चंदानी ने उनके साथ हाथ मुक्का से जमकर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होने से पार्टी में भगदड़ मच गई। बीच बचाव करने उनका भतीजा शरद बजाज आया और श्याम लाल चंदानी उनके परिवार को जान से मार देने की देते हुए चला गया। पुलिस ने ओमप्रकाश बजाज की रिपोर्ट पर हमलावर श्याम लाल चंदानी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### लैपटाप चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** छात्र के सूने रूम से लैपटाप चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रायगढ़ पुसौर बड़ेहल्दी निवासी रोहन पटेल पिता अरूण कुमार पटेल अरविंद मार्ग में किराए रूम में रहकर साइंस कालेज में बीएससी द्वतीय ईयर की पढ़ाई कर रहे हैं। दीपावली में वे 15 अक्टूबर को रूम के दरवाजे में ताला लगाकर गृहग्राम रायगढ़ चले गए थे। 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे वह रायगढ़ से रूम लौटे तो दरवाजे में ताला लगा हुआ था। अंदर गए तो रूम में सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था और लैपटाप, ईयर बड्स, बैग चोरी हो गया था। लोगों ने बताया कि उत्तर प्रदेश गाजीपुर ददरा दिनौरा निवासी आशुतोष पाण्डेय कुछ दिन पूर्व छात्र के रूम के पास रहने आया था। उसके बाद आनन फानन में रूम खाली कर चला गया है। पतासाजी के दौरान पता चला उक्त युवक कोन्हेर गार्डन के पास खड़ा हुआ है। पुलिस ने आशुतोष पाण्डेय को पकड़कर पूछताछ की तो उसने लैपटाप चोरी करना स्वीकार कर लिया।




**27 करोड़ का वर्क आर्डर जारी** | 90 करोड़ के एजुकेशन हब के तहत एक साल में 48 कोचिंग हॉल, शौचालय और कैंटीन की मिलेगा सुविधा

# मधुबन में बनेगा शहर का पहला नालंदा परिसर, हास्टल, एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान भी बनेंगे

## पहले मिशन अस्पताल परिसर में नालंदा परिसर बनाने की बात थी लेकिन फिलहाल वह मामला लंबित



**बिलासपुर।** दयालबंद के मधुबन क्षेत्र में 13 एकड़ क्षेत्र में करीब 90 करोड़ की लागत से एजुकेशन हब बनाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम, शासन और रेलवे की भूमि का चयन करते हुए ले-आउट भी फाइनल किया जा चुका है। अब एजुकेशन हब के तहत शहर के पहले नालंदा परिसर के निर्माण के लिए 27 करोड़ रुपए का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है।

निगम के मुताबिक 1500 छात्रों के लिए तीन एकेडमिक ब्लॉक के निर्माण का वर्क ऑर्डर भी जल्द ही जारी किया जाएगा। निगम के अनुसार 27 करोड़ रुपए की लागत से एक साल के भीतर 48 कोचिंग हॉल, शौचालय और कैंटीन सहित अन्य सुविधाओं का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले मिशन अस्पताल परिसर में नालंदा परिसर बनाने की बात थी लेकिन फिलहाल वह मामला लंबित है। दरअसल निगम का मानना है कि शहर के अधिकांश निजी कोचिंग संस्थान दयालबंद क्षेत्र के आसपास स्थित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकारी क्षेत्र में इस एजुकेशन हब की योजना बनाई गई है, ताकि सामान्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। बिलासपुर स्मार्ट सिटी के मुताबिक एजुकेशन हब की स्थापना के लिए स्मार्ट सिटी और डीएमएफ फंड का उपयोग किया जाएगा। इसमें छात्रों के लिए लाइब्रेरी, कैंटीन और रहने के लिए सर्वसुविधायुक्त कमरे, कोचिंग हॉल आदि के तीन ब्लॉक बनाए जाएंगे। परियोजना के पहले चरण के लिए 27 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। दूसरे चरण के निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है।

### 50 हजार छात्रों को मिलेगा फायदा

स्मार्ट सिटी के मुताबिक यह मध्य भारत का सबसे बड़ा एजुकेशन हब होगा। 13 एकड़ क्षेत्र में फैली एक ऐसी जगह जो छात्रों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को समर्पित होगी, जहां नालंदा परिसर, कोचिंग के लिए हॉल स्टेप, ऑडिटोरियम, हॉस्टल, गार्डन, पार्किंग, कैफेटेरिया और खेल मैदान होगा। दावा है कि पूर्ण रूप से शैक्षणिक माहौल से परिपूर्ण एजुकेशन सिटी के निर्माण से बिलासपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश के लगभग 50 हजार छात्रों को इसका लाभ मिलेगा, क्योंकि पूरे छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रदेशों से छात्र बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने बिलासपुर आते हैं।

### योजना में यह सब शामिल होंगे

निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बताया की इस एजुकेशन सिटी में 500 विद्यार्थी क्षमता का नालंदा परिसर बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 500 छात्र छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे। इस एजुकेशन सिटी में छात्र-छात्राओं के मोटिवेशन और शैक्षणिक उद्देश्य से एक 700 सीटर कैपेसिटी का आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। 1000 विद्यार्थी क्षमता वाले हॉस्टल, एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान, गार्डन, मल्टी लेवल पार्किंग सहित तीन बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 48 हॉल सेटअप में एक साथ 4,800 विद्यार्थियों के कोचिंग क्लास अटेंड करने की सुविधा रहेगी।

### किया जाएगा निर्माण

इस एजुकेशन सिटी में 500 विद्यार्थी क्षमता का नालंदा परिसर बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 500 छात्र छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे। छात्र-छात्राओं के मोटिवेशन और शैक्षणिक उद्देश्य से एक 700 सीटर कैपेसिटी का आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा।

**- अमित कुमार**
निगम आयुक्त

## वेतन नहीं मिलने से टीचर भड़के, सुविधा नहीं मिलने से छात्रों ने भी जताई नाराजगी

# कोचिंग सेंटर में छात्रों और शिक्षकों ने मचाया जमकर हंगामा, पुलिस से की गई शिकायत




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के पुराने हाईकोर्ट के पास स्थित कंपीटिशन कम्यूनिटी कोचिंग सेंटर में शुक्रवार को छात्रों और शिक्षकों ने एक साथ मिलकर प्रबंधन के खिलाफ हंगामा किया। शिक्षकों का आरोप था कि सेंटर में पिछले कई महीनों से टीचर्स को वेतन नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते वे क्लास लेने में असमर्थ हैं। इधर छात्रों का कहना था कि क्लास नहीं लेने से पढ़ाई पूरी तरह ठप हो गई है। तीन महीने बाद परीक्षाएं शुरू होनी हैं। ऐसे में परेशानी बढ़ रही है। छात्रों ने शुक्रवार को कोतवाली थाने में कोचिंग प्रबंधन के खिलाफ लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है।

विरोध और हंगामे के दौरान छात्रों का कहना था कि उन्होंने 45-45 हजार रुपए फीस देकर दाखिला लिया था, लेकिन अब कई सप्ताह से पढ़ाई बंद है। न तो क्लास चल रही है, न ही मैनेजमेंट कोई स्पष्ट जवाब दे रहा है। छात्रों ने कहा कि सेंटर संचालक द्वारा बार-बार आश्वासन दिया गया कि पेमेंट की समस्या जल्द हल हो जाएगी, मगर महीनों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस है। कोचिंग के एक शिक्षक ने बताया कि पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। "हम रोज पढ़ाने आते हैं, लेकिन बिना मेहनताना मिले रोज़मर्रा के खर्च तक चलाना मुश्किल हो गया है। कई बार संचालक से बात की, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता रहा।

### अभिभावक भी पहुंचे

विवाद बढ़ने के बाद कोचिंग संचालक के मौके से नदारद होने की जानकारी मिली। हालांकि कुछ देर बाद वे मौके पर पहुंचे और शिक्षकों को वेतन देने का आश्वासन दिया। इधर छात्रों ने कोचिंग सेंटर के बाहर नारेबाजी की और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग जारी रखी। मामले की जानकारी आसपास के लोगों और अभिभावकों तक भी पहुंची। अभिभावकों ने कहा कि यदि कोचिंग संस्थान छात्रों से मोटी फीस वसूलता है, तो उन्हें शिक्षकों को समय पर भुगतान भी करना चाहिए। छात्रों ने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से मामले की जांच कराने और उचित कार्रवाई की मांग की है।

### कोचिंग नहीं शिक्षकों के कारण लिया था एडमिशन

विरोध कर रहे छात्रों ने कहा कि उन्होंने कोचिंग सेंटर नहीं बल्कि यहां पढ़ाने वाले शिक्षकों के कारण एडमिशन लिया था। हमने 45 हजार रुपए की फीस जमा की है। टीचर ही नहीं रहेंगे तो क्लास कौन लेगा? पिछले कई दिनों से क्लास बंद है। एसी खराब रहता है, सुविधाएं नहीं मिलतीं, अब सैलरी नहीं मिलने के कारण हमारे टीचर भी छोड़ रहे हैं।" छात्रों ने कहा कि कोचिंग प्रबंधन उनकी फीस लेकर "भविष्य से खिलवाड़" कर रहा है।

### सैलरी मांगो तो टर्मिनेशन लेटर थमा देते हैं

कोचिंग के एक टीचर ने बताया कि संचालक लगातार फ्रॉड कर रहे हैं। हम पिछले एक साल से सैलरी के लिए चक्कर काट रहे हैं। जब भी वेतन की मांग करते हैं तो कहा जाता है, क्लास लो, बच्चों का भविष्य देखो। लेकिन खुद बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। जो कर्मचारी पैसे मांगते हैं, उन्हें टर्मिनेट कर धमकाया जाता है। शिक्षकों ने बताया कि संस्थान की अन्य शाखाएं दुर्ग, राजनांदगांव सहित कई जिलों में पहले ही बंद हो चुकी हैं और वहां के कर्मचारियों का भी भुगतान नहीं किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस कोचिंग सेंटर की जांच कराई जाए, छात्रों की फीस और कर्मचारियों के बकाया वेतन का निपटारा कराया जाए।

### छात्रों का ध्यान रखा जाएगा

कोचिंग सेंटर पिछले कुछ समय से नुकसान में चल रहा है। इसलिए कुछ शिक्षकों को नियमित तौर पर वेतन नहीं दे पा रहे हैं। इस समस्या से शिक्षकों को भी अवगत कराया गया है। साथ ही क्लास लेने में सहयोग मांगा गया है। इस तरह से आंदोलन करने से कोई हल नहीं निकलेगा। छात्रों की पढ़ाई बेहतर तरीके से पूरी हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

**- मुतर्जा हूसैन,** संचालक, कंपीटिशन कम्यूनिटी कोचिंग सेंटर

# दुकान से 5 लाख 80 हजार रुपए सहित तिजोरी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मंगला चौक गश्त पाइंट के पास चोरों ने एक टाइल्स दुकान से 5 लाख 80 हजार रुपए सहित इलेक्ट्रिक तिजोरी चोरी कर लिया और आसानी से भाग गए। गश्त में तैनात पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी।

- गश्त पाइंट के पास हुई चोरी, पुलिस बेखबर

मंगला चौक में बस्ती की ओर जाने वाले सड़क में स्थित स्क्वैयर फीट टाइल्स दुकान के संचालक सत्यजीत राहलकर ने बताया, 29 अक्टूबर की रात वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। 30 अक्टूबर को दुकान खोलकर अंदर गए तो फालसिलिंग व आलमारी टूटी हुई थी,। उसमें रखा इलेक्ट्रानिक तिजोरी चोरी हो गई थी। श्री राहलकर ने बताया, तिजोरी 5 लाख 80 हजार रुपए रखा हुआ था। चोर दुकान के छत में लगाकर प्लास्टिक की सीट व फालसिलिंग को तोड़कर अंदर घुसे थे। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस दुकान का मुआयना कर चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

### एक माह में तीसरी बड़ी चोरी

वीआईपी इलाका सिविल लाइन क्षेत्र में पुलिसिंग लचर होने से चोरों के हौंसले बुलंद हो गए है। 29 सितंबर को अग्रसेन चौक साकेत अपार्टमेंट के दो मकानों में धावा बोलकर चोरों ने रूबी के नेकलेस, सोना चांदी व 3 लाख रुपए नकद। 7 अक्टूबर को उसलापुर गुलमोहर कालोनी के एक मकान से 7 लाख रुपए नकद सोने चांदी के जेवर सहित 14 लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया गया था।

### 6 माह में दूसरी बार चोरी

श्री राहलकर ने बताया, इसके पहले मई 2025 को चोरों ने उनकी दुकान में धावा बोलकर नकद रकम की चोरी की थी। उक्त मामले में पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई। कहां गश्त कर रहे थे पुलिसकर्मी सिविल लाइन थाने से प्रतिदिन रात्रि 12 बजे से सुबह 5 बजे तक मंगला चौक में 2 पुलिसकर्मियों की रात्रि गश्त ड्यूटी लगाई जाती है। चौक से दो बार एक ही दुकान में चोर चोरी कर आसानी से निकल गए और पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी।

### टीआई साहब नहीं हैं आवेदन दे दो

दुकान संचालक श्री राहलकर ने बताया, चोरी की जानकारी होने पर 30 अक्टूबर वे चोरी की रिपोर्ट लिखाने सिविल लाइन थाने गए। ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी ने उन्हें टीआई साहब नहीं कहते हुए शिकायत लेकर चलता कर दिया था। 31 अक्टूबर को टीआई ने स्टाफ के साथ उनके दुकान का मुआयना किया है।

# स्टेशन से डेढ़ साल के बच्चे को उठा ले गई महिला

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म पर महिला के पास सोए हुए डेढ़ साल के एक बच्चे को अज्ञात महिला उठाकर ले गई। दो दिन तक थानों के अलावा केन्द्रीय राज्यमंत्री के पास चक्कर काटने के उपरांत शुक्रवार की शाम जीआरपी ने अज्ञात महिला के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।



दो दिन पहले 29 अक्टूबर की दोपहर 11 से 12.30 बजे के बीच बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सो रही एक महिला के पास से उसके डेढ़ साल के बेटे को दूसरी महिला उठाकर ले गई। दंपती के प्लेटफार्म के अंदर आने से लेकर उनके पुत्र के अपहरण तक की पूरी घटना रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिस महिला ने डेढ़ साल के मासूम का अपहरण किया है उसके साथ एक छोटी बच्ची और है। जिस महिला के बच्चे का अपहरण हुआ है उसने सीसीटीवी देखकर कपड़े से अपने बच्चे को पहचानकर जीआरपी को बताया है। दमोह निवासी मिथुन प्रधान व उनकी पत्नी बिजली प्रधान के दो बच्चे एक बेटी और एक बेटा हैं। 29 अक्टूबर को दोनो मिया–बीबी में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद बिजली प्रधान अपने बच्चों को लेकर बस में सवार होकर बिलासपुर आ गई उसके पीछे उसका पति मिथुन भी आ गया। दोनों ने अलग–अलग स्थानों पर शराब पी और रेलवे स्टेशन पहुंच गए। रात 11 बजे के लगभग ये लोग बिलासपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर एक में सीढ़ियों के पास सो गए। जब सोकर उठे तो उनका डेढ़ साल का बेटा वहां नहीं था। वे इधर–उधर तलाशने के बाद जीआरपी पहुंचे। मिथुन प्रधान उसकी पत्नी बिजली प्रधान ने बताया कि वहां पर मौजूद स्टाफ ने उन्हें तोरवा थाने का रास्ता दिखा दिया। तोरवा से उन्हें तारबाहर थाने भेज दिया गया। कहीं पर भी उनकी बात नहीं सुनी गई। किसी ने सलाह दी तो वे लोग सांसद केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से भी मिले और उनसे पूरी बात बताकर सहयोग मांगा। केंद्रीय मंत्री संबंधितों को फोन कर कार्रवाई करने कहा उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

शुक्रवार को दंपति फिर से जीआरपी पहुंचे तो जीआरपी प्रभारी ने उनको सीसीटीवी फुटेज देखने के लिए कहा। घटना दिवस की फुटेज देखी गई तो उसमें स्पष्ट हो गया कि दंपति के पुत्र को कोई महिला चोरी करके ले गई है। इसके बाद जीआरपी ने पहले गुम इंसान कायम किया उसके बाद अज्ञात महिला के विरुद्ध अपहरण की धारा 137 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# सुबह 5 बजे युवती की हत्या की खबर से सरकंडा पुलिस का छूटा पसीना

**बिलासपुर।** सुबह 5 बजे सरकण्डा पुलिस की बहतराई स्टेडियम के पास युवती की हत्या होने की सूचना से पसीना छूट गया। आनन फानन में पुलिसकर्मी मौके पर गए और पानी डाले तो युवती होश में आ गई, जिससे पुलिस ने राहत की सांस ली और उसे घर छोड़ा गया है।

गुरूवार को देर रात तक ड्यूटी करने के बाद सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या घर जाकर सो गए थे। शुक्रवार की सुबह 5 बजे उनका मोबाइल की घंटी बजने लगी। बिस्तर के अंदर से नींद में उन्होंने फोन रिसीव किया। फोन करने वाले ने उन्हें बताया, बहतराई स्टेडियम के पास एक युवती की लाश पड़ी है और उसका कपड़ा फटा हुआ है, उसकी हत्या कर दी गई है। हत्या की खबर सुनते ही उन्होंने तत्काल थाने की पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना देकर मौके पर भेजा। पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर गई तो युवती सड़क किनारे पड़ी हुई थी। उन्होंने नब्ज टटोला तो उसकी सांसें चल रही थीं। पुलिसकर्मियों ने श्री आर्या को बताया, उन्होंने तत्काल युवती को अस्पताल ले जाने का आदेश दिया। पुलिसकर्मी युवती के चेहरे में पानी डाले तो युवती होश में आई और खड़ी हो गई। युवती के मुंह से शराब की तेज दुर्गंध आ रही थी। नशे में युवती सड़क किनारे सो गई। पुलिसकर्मियों ने टीआई श्री आर्या को शराब के नशे में युवती के सड़क किनारे सोने की जानकारी दी गई। उसके बाद उन्होंने राहत की सांस ली। उनके निर्देश पर पुलिसकर्मी के द्वारा युवती को सुरक्षित उसके घर अटल आवास में छोड़ा गया है।

# होटल के पास जुआ खेलते पकड़े गए 6 जुआरी, 20 हजार रुपए जब्त

**बिलासपुर।** पुलिस ने होटल के पास जुआ खेलते 6 जुआरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 20 हजार 300 रुपए व ताशपत्ती जब्त की गई है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या को सूचना मिली कि गुलमोहर होटल के पास मोपका में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होने स्टाफ के साथ घेराबंदी कर जुआ खेलते ओमप्रकाश खैरवार पिता भगवान खैरवार 34 साल राजकिशोर नगर, रवि नायक पिता शत्रुहन नायक 42 साल राजीव विहार कालोनी, दीपक वर्मा पिता सुखन वर्मा 42 साल मोपका, रामप्रसाद केंवट पिता लक्ष्मण केंवट 34 साल मोपका, धनीराम सूर्यवंशी पिता देव प्रसाद 30 साल पावर ग्रीन सिटी मोपका, भवानी बरेठ पिता विजय बरेठ 34 साल चंदन आवास राजकिशोर नगर निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 20 हजार 300 रुपए व ताशपत्ती जब्त की गई है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह अक्टूबर 2025 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 18 दिन | 5.00 | 90.00 |
| 28 दिन, | कुल योग= | 130.00 |

कृपया पाठकगण माह अक्टूबर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 नवंबर 2025 तक जमा करें।

**प्रसार प्रबंधक**
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर












## खबर संक्षेप

### 67 नग देशी शराब सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने एक युवक को पकड़कर उसके पास से 67 नग देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह को सूचना मिली, जोंधरा में एक युवक के द्वारा भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री कर रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ दबिश देकर जोंधरा निवासी करण थवाइत पिता स्व. विजय थवाइत 19 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 67 नग देशी पव्वा शराब जब्त किया गया है।

### महिला के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में महिला की फोटो अपलोड कर अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपने वाट्सएप की डीपी में अपनी दीपावली मनाने हुए फोटो अपलोड किया था। अज्ञात व्यक्ति ने उनकी डीपी से फोटो निकलाकर सोशल मीडिया फेसबुल में अपलोड कर अभद्र टिप्पणी की है। सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी देखकर महिला ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गवाह बनने पर व्यक्ति से जमकर मारपीट

**बिलासपुर।** एक होटल में शादी पार्टी के दौरान गवाह बनने पर एक व्यक्ति के साथ गली गलौज कर जमकर मारपीट कर दी गई है। मारपीट होने से पार्टी में भगदड़ मच गई। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, मिनोचा कालोनी निवासी ओमप्रकाश बजाज पिता नवलमल बजाज 58 साल 28 अक्टूबर की रात मोहित बजाज की शादी पार्टी में शामिल होने सीपीआई होटल गए थे। पार्टी हाल के किनारे में वह खड़े हुए थे। इसी दौरान श्याम लाल चंदानी उनके पास आकर मेरे मामले में गवाह बने थे, मेरे कोई कुछ बिगाड़ सका कहते हुए गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर श्याम लाल चंदानी ने उनके साथ हाथ मुक्का से जमकर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट होने से पार्टी में भगदड़ मच गई। बीच बचाव करने उनका भतीजा शरद बजाज आया और श्याम लाल चंदानी उनके परिवार को जान से मार देने की देते हुए चला गया। पुलिस ने ओमप्रकाश बजाज की रिपोर्ट पर हमलावर श्याम लाल चंदानी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### लैपटाप चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** छात्र के सूने रूम से लैपटाप चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रायगढ़ पुसौर बड़ेहल्दी निवासी रोहन पटेल पिता अरूण कुमार पटेल अरविंद मार्ग में किराए रूम में रहकर साइंस कालेज में बीएससी द्वतीय ईयर की पढ़ाई कर रहे हैं। दीपावली में वे 15 अक्टूबर को रूम के दरवाजे में ताला लगाकर गृहग्राम रायगढ़ चले गए थे। 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे वह रायगढ़ से रूम लौटे तो दरवाजे में ताला लगा हुआ था। अंदर गए तो रूम में सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था और लैपटाप, ईयर बड्स, बैग चोरी हो गया था। लोगों ने बताया कि उत्तर प्रदेश गाजीपुर ददरा दिनौरा निवासी आशुतोष पाण्डेय कुछ दिन पूर्व छात्र के रूम के पास रहने आया था। उसके बाद आनन फानन में रूम खाली कर चला गया है। पतासाजी के दौरान पता चला उक्त युवक कोन्हेर गार्डन के पास खड़ा हुआ है। पुलिस ने आशुतोष पाण्डेय को पकड़कर पूछताछ की तो उसने लैपटाप चोरी करना स्वीकार कर लिया।

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिं

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटि सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे काल एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग
9827143060

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**27 करोड़ का वर्क आर्डर जारी** — 90 करोड़ के एजुकेशन हब के तहत एक साल में 48 कोचिंग हॉल, शौचालय और कैंटीन की मिलेगा सुविधा

# मधुबन में बनेगा शहर का पहला नालंदा परिसर, हास्टल, एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान भी बनेंगे

## पहले मिशन अस्पताल परिसर में नालंदा परिसर बनाने की बात थी लेकिन फिलहाल वह मामला लंबित



**बिलासपुर।** दयालबंद के मधुबन क्षेत्र में 13 एकड़ क्षेत्र में करीब 90 करोड़ की लागत से एजुकेशन हब बनाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम, शासन और रेलवे की भूमि का चयन करते हुए ले-आउट भी फाइनल किया जा चुका है। अब एजुकेशन हब के तहत शहर के पहले नालंदा परिसर के निर्माण के लिए 27 करोड़ रुपए का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है।

निगम के मुताबिक 1500 छात्रों के लिए तीन एकेडमिक ब्लॉक के निर्माण का वर्क ऑर्डर भी जल्द ही जारी किया जाएगा। निगम के अनुसार 27 करोड़ रुपए की लागत से एक साल के भीतर 48 कोचिंग हॉल, शौचालय और कैंटीन सहित अन्य सुविधाओं का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले मिशन अस्पताल परिसर में नालंदा परिसर बनाने की बात थी लेकिन फिलहाल वह मामला लंबित है। दरअसल निगम का मानना है कि शहर के अधिकांश निजी कोचिंग संस्थान दयालबंद क्षेत्र के आसपास स्थित हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकारी क्षेत्र में इस एजुकेशन हब की योजना बनाई गई है, ताकि सामान्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। बिलासपुर स्मार्ट सिटी के मुताबिक एजुकेशन हब की स्थापना के लिए स्मार्ट सिटी और डीएमएफ फंड का उपयोग किया जाएगा। इसमें छात्रों के लिए लाइब्रेरी, कैंटीन और रहने के लिए सर्वसुविधायुक्त कमरे, कोचिंग हॉल आदि के तीन ब्लॉक बनाए जाएंगे। परियोजना के पहले चरण के लिए 27 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। दूसरे चरण के निर्माण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है।

### 50 हजार छात्रों को मिलेगा फायदा

स्मार्ट सिटी के मुताबिक यह मध्य भारत का सबसे बड़ा एजुकेशन हब होगा। 13 एकड़ क्षेत्र में फैली एक ऐसी जगह जो छात्रों और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को समर्पित होगी, जहां नालंदा परिसर, कोचिंग के लिए हॉल स्टेप, ऑडिटोरियम, हॉस्टल, गार्डन, पार्किंग, कैफेटेरिया और खेल मैदान होगा। दावा है कि पूर्ण रूप से शैक्षणिक माहौल से परिपूर्ण एजुकेशन सिटी के निर्माण से बिलासपुर ही नहीं बल्कि प्रदेश के लगभग 50 हजार छात्रों को इसका लाभ मिलेगा, क्योंकि पूरे छत्तीसगढ़ समेत अन्य प्रदेशों से छात्र बड़ी संख्या में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने बिलासपुर आते हैं।

### योजना में यह सब शामिल होंगे

निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बताया की इस एजुकेशन सिटी में 500 विद्यार्थी क्षमता का नालंदा परिसर बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 500 छात्र छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे। इस एजुकेशन सिटी में छात्र-छात्राओं के मोटिवेशन और शैक्षणिक उद्देश्य से एक 700 सीटर कैपेसिटी का आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। 1000 विद्यार्थी क्षमता वाले हॉस्टल, एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान, गार्डन, मल्टी लेवल पार्किंग सहित तीन बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 48 हॉल सेटअप में एक साथ 4,800 विद्यार्थियों के कोचिंग क्लास अटेंड करने की सुविधा रहेगी।

### किया जाएगा निर्माण

इस एजुकेशन सिटी में 500 विद्यार्थी क्षमता का नालंदा परिसर बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 500 छात्र छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे। छात्र-छात्राओं के मोटिवेशन और शैक्षणिक उद्देश्य से एक 700 सीटर कैपेसिटी का आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा।

- अमित कुमार
निगम आयुक्त

---

## वेतन नहीं मिलने से टीचर भड़के, सुविधा नहीं मिलने से छात्रों ने भी जताई नाराजगी

# कोचिंग सेंटर में छात्रों और शिक्षकों ने मचाया जमकर हंगामा, पुलिस से की गई शिकायत




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के पुराने हाईकोर्ट के पास स्थित कंपीटिशन कम्यूनिटी कोचिंग सेंटर में शुक्रवार को छात्रों और शिक्षकों ने एक साथ मिलकर प्रबंधन के खिलाफ हंगामा किया। शिक्षकों का आरोप था कि सेंटर में पिछले कई महीनों से टीचर्स को वेतन नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते वे क्लास लेने में असमर्थ हैं। इधर छात्रों का कहना था कि क्लास नहीं लेने से पढ़ाई पूरी तरह ठप हो गई है। तीन महीने बाद परीक्षाएं शुरू होनी हैं। ऐसे में परेशानी बढ़ रही है। छात्रों ने शुक्रवार को कोतवाली थाने में कोचिंग प्रबंधन के खिलाफ लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है।

विरोध और हंगामे के दौरान छात्रों का कहना था कि उन्होंने 45-45 हजार रुपए फीस देकर दाखिला लिया था, लेकिन अब कई सप्ताह से पढ़ाई बंद है। न तो क्लास चल रही है, न ही मैनेजमेंट कोई स्पष्ट जवाब दे रहा है। छात्रों ने कहा कि सेंटर संचालक द्वारा बार-बार आश्वासन दिया गया कि पेमेंट की समस्या जल्द हल हो जाएगी, मगर महीनों बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस है। कोचिंग के एक शिक्षक ने बताया कि पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। "हम रोज पढ़ाने आते हैं, लेकिन बिना मेहनताना मिले रोज़मर्रा के खर्च तक चलाना मुश्किल हो गया है। कई बार संचालक से बात की, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिलता रहा।

### अभिभावक भी पहुंचे

विवाद बढ़ने के बाद कोचिंग संचालक के मौके से नदारद होने की जानकारी मिली। हालांकि कुछ देर बाद वे मौके पर पहुंचे और शिक्षकों को वेतन देने का आश्वासन दिया। इधर छात्रों ने कोचिंग सेंटर के बाहर नारेबाजी की और प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग जारी रखी। मामले की जानकारी आसपास के लोगों और अभिभावकों तक भी पहुंची। अभिभावकों ने कहा कि यदि कोचिंग संस्थान छात्रों से मोटी फीस वसूलता है, तो उन्हें शिक्षकों को समय पर भुगतान भी करना चाहिए। छात्रों ने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन से मामले की जांच कराने और उचित कार्रवाई की मांग की है।

### कोचिंग नहीं शिक्षकों के कारण लिया था एडमिशन

विरोध कर रहे छात्रों ने कहा कि उन्होंने कोचिंग सेंटर नहीं बल्कि यहां पढ़ाने वाले शिक्षकों के कारण एडमिशन लिया था। हमने 45 हजार रुपए की फीस जमा की है। टीचर ही नहीं रहेंगे तो क्लास कौन लेगा? पिछले कई दिनों से क्लास बंद है। एसी खराब रहता है, सुविधाएं नहीं मिलतीं, अब सैलरी नहीं मिलने के कारण हमारे टीचर भी छोड़ रहे हैं।" छात्रों ने कहा कि कोचिंग प्रबंधन उनकी फीस लेकर "भविष्य से खिलवाड़" कर रहा है।

### सैलरी मांगो तो टर्मिनेशन लेटर थमा देते हैं

कोचिंग के एक टीचर ने बताया कि संचालक लगातार फ्रॉड कर रहे हैं। हम पिछले एक साल से सैलरी के लिए चक्कर काट रहे हैं। जब भी वेतन की मांग करते हैं तो कहा जाता है, क्लास लो, बच्चों का भविष्य देखो। लेकिन खुद बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। जो कर्मचारी पैसे मांगते हैं, उन्हें टर्मिनेट कर धमकाया जाता है। शिक्षकों ने बताया कि संस्थान की अन्य शाखाएं दुर्ग, राजनांदगांव सहित कई जिलों में पहले ही बंद हो चुकी हैं और वहां के कर्मचारियों का भी भुगतान नहीं किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस कोचिंग सेंटर की जांच कराई जाए, छात्रों की फीस और कर्मचारियों के बकाया वेतन का निपटारा कराया जाए।

### छात्रों का ध्यान रखा जाएगा

कोचिंग सेंटर पिछले कुछ समय से नुकसान में चल रहा है। इसलिए कुछ शिक्षकों को नियमित तौर पर वेतन नहीं दे पा रहे हैं। इस समस्या से शिक्षकों को भी अवगत कराया गया है। साथ ही क्लास लेने में सहयोग मांगा गया है। इस तरह से आंदोलन करने से कोई हल नहीं निकलेगा। छात्रों की पढ़ाई बेहतर तरीके से पूरी हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

**- मुतर्जा हूसैन,** संचालक, कंपीटिशन कम्यूनिटी कोचिंग सेंटर

# दुकान से 5 लाख 80 हजार रुपए सहित तिजोरी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मंगला चौक गश्त पाइंट के पास चोरों ने एक टाइल्स दुकान से 5 लाख 80 हजार रुपए सहित इलेक्ट्रिक तिजोरी चोरी कर लिया और आसानी से भाग गए। गश्त में तैनात पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी।

- गश्त पाइंट के पास हुई चोरी, पुलिस बेखबर

मंगला चौक में बस्ती की ओर जाने वाले सड़क में स्थित स्क्वैयर फीट टाइल्स दुकान के संचालक सत्यजीत राहलकर ने बताया, 29 अक्टूबर की रात वे दुकान बंद कर घर चले गए थे। 30 अक्टूबर को दुकान खोलकर अंदर गए तो फालसिलिंग व आलमारी टूटी हुई थी,। उसमें रखा इलेक्ट्रानिक तिजोरी चोरी हो गई थी। श्री राहलकर ने बताया, तिजोरी 5 लाख 80 हजार रुपए रखा हुआ था। चोर दुकान के छत में लगाकर प्लास्टिक की सीट व फालसिलिंग को तोड़कर अंदर घुसे थे। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस दुकान का मुआयना कर चोरों की पतासाजी में जुट गई है।

### एक माह में तीसरी बड़ी चोरी

वीआईपी इलाका सिविल लाइन क्षेत्र में पुलिसिंग लचर होने से चोरों के हौसले बुलंद हो गए है। 29 सितंबर को अग्रसेन चौक साकेत अपार्टमेंट के दो मकानों में धावा बोलकर चोरों ने रूबी के नेकलेस, सोना चांदी व 3 लाख रुपए नकद। 7 अक्टूबर को उसलापुर गुलमोहर कालोनी के एक मकान से 7 लाख रुपए नकद सोने चांदी के जेवर सहित 14 लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया गया था।

### 6 माह में दूसरी बार चोरी

श्री राहलकर ने बताया, इसके पहले मई 2025 को चोरों ने उनकी दुकान में धावा बोलकर नकद रकम की चोरी की थी। उक्त मामले में पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई।

कहां गश्त कर रहे थे पुलिसकर्मी

सिविल लाइन थाने से प्रतिदिन रात्रि 12 बजे से सुबह 5 बजे तक मंगला चौक में 2 पुलिसकर्मियों की रात्रि गश्त ड्यूटी लगाई जाती है। चौक से दो बार एक ही दुकान में चोर चोरी कर आसानी से निकल गए और पुलिसकर्मियों को भनक तक नहीं लगी।

### टीआई साहब नहीं हैं आवेदन दे दो

दुकान संचालक श्री राहलकर ने बताया, चोरी की जानकारी होने पर 30 अक्टूबर वे चोरी की रिपोर्ट लिखाने सिविल लाइन थाने गए। ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारी ने उन्हें टीआई साहब नहीं कहते हुए शिकायत लेकर चलता कर दिया था। 31 अक्टूबर को टीआई ने स्टाफ के साथ उनके दुकान का मुआयना किया है।

# स्टेशन से डेढ़ साल के बच्चे को उठा ले गई महिला



**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के प्लेटफार्म पर महिला के पास सोए हुए डेढ़ साल के एक बच्चे को अज्ञात महिला उठाकर ले गई। दो दिन तक थानों के अलावा केन्द्रीय राज्यमंत्री के पास चक्कर काटने के उपरांत शुक्रवार की शाम जीआरपी ने अज्ञात महिला के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

दो दिन पहले 29 अक्टूबर की दोपहर 11 से 12.30 बजे के बीच बिलासपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर सो रही एक महिला के पास से उसके डेढ़ साल के बेटे को दूसरी महिला उठाकर ले गई। दंपती के प्लेटफार्म के अंदर आने से लेकर उनके पुत्र के अपहरण तक की पूरी घटना रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिस महिला ने डेढ़ साल के मासूम का अपहरण किया है उसके साथ एक छोटी बच्ची और है। जिस महिला के बच्चे का अपहरण हुआ है उसने सीसीटीवी देखकर कपड़े से अपने बच्चे को पहचानकर जीआरपी को बताया है। दमोह निवासी मिथुन प्रधान व उनकी पत्नी बिजली प्रधान के दो बच्चे एक बेटी और एक बेटा हैं। 29 अक्टूबर को दोनो मिया-बीबी में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। इसके बाद बिजली प्रधान अपने बच्चों को लेकर बस में सवार होकर बिलासपुर आ गई उसके पीछे उसका पति मिथुन भी आ गया। दोनों ने अलग-अलग स्थानों पर शराब पी और रेलवे स्टेशन पहुंच गए। रात 11 बजे के लगभग ये लोग बिलासपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर एक में सीढ़ियों के पास सो गए। जब सोकर उठे तो उनका डेढ़ साल का बेटा वहां नहीं था। वे इधर-उधर तलाशने के बाद जीआरपी पहुंचे। मिथुन प्रधान उसकी पत्नी बिजली प्रधान ने बताया कि वहां पर मौजूद स्टाफ ने उन्हें तोरवा थाने का रास्ता दिखा दिया। तोरवा से उन्हें तारबाहर थाने भेज दिया गया। कहीं पर भी उनकी बात नहीं सुनी गई। किसी ने सलाह दी तो वे लोग सांसद केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से भी मिले और उनसे पूरी बात बताकर सहयोग मांगा। केंद्रीय मंत्री संबंधितों को फोन कर कार्रवाई करने कहा उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

शुक्रवार को दंपति फिर से जीआरपी पहुंचे तो जीआरपी प्रभारी ने उनको सीसीटीवी फुटेज देखने के लिए कहा। घटना दिवस की फुटेज देखी गई तो उसमें स्पष्ट हो गया कि दंपति के पुत्र को कोई महिला चोरी करके ले गई है। इसके बाद जीआरपी ने पहले गुम इंसान कायम किया उसके बाद अज्ञात महिला के विरुद्ध अपहरण की धारा 137 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# सुबह 5 बजे युवती की हत्या की खबर से सरकंडा पुलिस का छूटा पसीना

**बिलासपुर।** सुबह 5 बजे सरकण्डा पुलिस की बहतराई स्टेडियम के पास युवती की हत्या होने की सूचना से पसीना छूट गया। आनन फानन में पुलिसकर्मी मौके पर गए और पानी डाले तो युवती होश में आ गई, जिससे पुलिस ने राहत की सांस ली और उसे घर छोड़ा गया है।

गुरूवार को देर रात तक ड्यूटी करने के बाद सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या घर जाकर सो गए थे। शुक्रवार की सुबह 5 बजे उनका मोबाइल की घंटी बजने लगी। बिस्तर के अंदर से नींद में उन्होंने फोन रिसीव किया। फोन करने वाले ने उन्हें बताया, बहतराई स्टेडियम के पास एक युवती की लाश पड़ी है और उसका कपड़ा फटा हुआ है, उसकी हत्या कर दी गई है। हत्या की खबर सुनते ही उन्होंने तत्काल थाने की पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना देकर मौके पर भेजा। पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर गई तो युवती सड़क किनारे पड़ी हुई थी। उन्होंने नब्ज टटोला तो उसकी सांसें चल रही थीं। पुलिसकर्मियों ने श्री आर्या को बताया, उन्होंने तत्काल युवती को अस्पताल ले जाने का आदेश दिया। पुलिसकर्मी युवती के चेहरे में पानी डाले तो युवती होश में आई और खड़ी हो गई। युवती के मुंह से शराब की तेज दुर्गंध आ रही थी। नशे में युवती सड़क किनारे सो गई। पुलिसकर्मियों ने टीआई श्री आर्या को शराब के नशे में युवती के सड़क किनारे सोने की जानकारी दी गई। उसके बाद उन्होंने राहत की सांस ली। उनके निर्देश पर पुलिसकर्मी के द्वारा युवती को सुरक्षित उसके घर अटल आवास में छोड़ा गया है।

# होटल के पास जुआ खेलते पकड़े गए 6 जुआरी, 20 हजार रुपए जब्त

**बिलासपुर।** पुलिस ने होटल के पास जुआ खेलते 6 जुआरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 20 हजार 300 रुपए व ताशपत्ती जब्त की गई है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या को सूचना मिली कि गुलमोहर होटल के पास मोपका में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। उन्होने स्टाफ के साथ घेराबंदी कर जुआ खेलते ओमप्रकाश खैरवार पिता भगवान खैरवार 34 साल राजकिशोर नगर, रवि नायक पिता शत्रुहन नायक 42 साल राजीव विहार कालोनी, दीपक वर्मा पिता सुखन वर्मा 42 साल मोपका, रामप्रसाद केंवट पिता लक्ष्मण केंवट 34 साल मोपका, धनीराम सूर्यवंशी पिता देव प्रसाद 30 साल पावर ग्रीन सिटी मोपका, भवानी बरेठ पिता विजय बरेठ 34 साल चंदन आवास राजकिशोर नगर निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 20 हजार 300 रुपए व ताशपत्ती जब्त की गई है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह अक्टूबर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 11 दिन | 4.00 | 44.00 |
| 18 दिन | 5.00 | 90.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 134.00 |

कृपया पाठकगण माह अक्टूबर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 नवंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
हृदय रोग विभाग
(कार्डियोलॉजी/कार्डियक सर्जरी)
• एंजियोग्राफी
• एंजियोप्लास्टी
• पेसमेकर
• बायपास सर्जरी
• वाल्व रिप्लेसमेंट
डे केयर एंजियोग्राफी डिस्चार्ज मात्र 4 घंटे में
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

स्वामी जी-93406-38884

ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025 — 11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-~~18501~~/- ऑफर 16,501/-, 3AC-~~28501~~/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 11 मई, 14 मई, 18 मई, 21 मई, 25 मई, 28 मई, 01 जून, 04 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 30,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411